En dépit de quelques limitations de notre travail, nous espérons que notre recherche sera utile pour les chercheurs qui veulent travailler sur l'acte de transcréation dans le contexte indien. Cette étude pourrait également offrir un terrain de réflexion à tous ceux qui s'intéressent à étudier la littérature de résistance pendant l'époque coloniale de l'Inde. Notre recherche pourrait être vue comme un pas modeste dans le domaine de la traduction littéraire relative aux œuvres françaises traduites envers le hindi.

BIBLIOGRAPHIE

BIBLIOGRAPHIE

Sources primaires

1. DUMAS, Alexandre, *La Tulipe Noire*, Nelson Éditeurs, Paris, 1850·
2. FRANCE, Anatole, *Thaïs*, Calmann-Lévy, Paris, 1890·
3. JAIN, Risabhcharan, *Quaidi*, Ganga Pustakmala Karyalaya, Lucknow, 1931·
4. PREMCHAND, Munshi, *Ahmkar*, S.K.Publishers, Delhi, 1923·

Sources Secondaires

1. BASSNET, Susan, *Translation, History & Culture*, André Lefèvre, (ed.) Printer Publisher, London, 1990.
2. BHATNAGAR, Y.C., *Theory and Practice of Translation*, Ajanta Publication, Delhi, 1993.
3. BRAUNS, Jean, *Comprendre Pour Traduire, Perfectionnement Linguistique en français*, La Maison du Dictionnaire, Paris, 1981.
4. BUSS, Robin, *The Black Tulip (Traduction en anglais)*, Penguin Books, London, 1865·
5. CARY, Edmond, *Comment faut-il traduire ?*, Presse Universitaires de Lille, Lille, 1989.

6. CATFORD, J.C., *A Linguistic Theory of Translation*, Oxford University Press, London, 1964.

7. CHASSANG, A., SENNINGER, CH., *Recueil de Textes Littéraires Français –XX siècle*, Libraire Hachette, Paris, 1970.

8. CHATURVEDI, Ramswaroop, *Hindi Sahitya aur Samvedna ka Vikaas*, Lokbharati Prakashan, Allahabad, 1986.

9. COWARD, David, T*he Black Tulip (Traduction en anglais)*, Oxford University Press, London, 1993.

10. DAYAL, Rameshwar, *Processus de la traduction Hindi-Français, Un Coup d'œil*, Printexle, Delhi, 1993.

11. DELISLE, Jean, *L'Analyse du Discours Comme Méthode de Traduction, Theorie et Pratique*, Eddition de l'Unversité d'Ottawa, Ottawa, 1984.

12. DEMANUELLI, Claude, Jean DEMANUELLI, *Lire et Traduire*, Masson, Paris, 1991.

13. DOUGLAS, Robert B.,*Thaïs (Traduction en anglais)*, Wildside Press, Pennsylvania, 1909.

14. FLAMAND, Jacques, *Écrire et Traduire*, Ed. du Vermillion, Ottawa, 1983.

15. GANDHI, Leela, *Postcolonial Theory*, Oxford University Press, New Delhi, 1994.

16. GUIDERE, Mathieu, *Méthodologie de la Recherche*, Ellipses, Paris, 2004.

17. GUPTA, R.S. (ed.) *Literary Translation*, Creative Books, New Delhi, 1999.

18. HEWSON Lane et Jackey Martin, *Redefining Translation: The Variational Approach*, Rutledge, London, 1991.

19. HOLMES, James S., *Translated Papers on Literary Translation and Translation Studies*, Rodopi, Amsterdam, 1988.

20. HOLMES, James S., *The Nature of Translation*, Mouton, The Hague, 1970.

21. HURTADO ALBIR, Amparo, *La Notion de Fidélité en Traduction*, DIDIER Érudition, Paris, 1990.

22. KUMAR, Raj, *Hindi Sahitya ka Chautha Dashak*, Granthlok, Delhi, 2004.

23. LADMIRAL, J.R., *Traduire: Théorèmes pour la traduction*, Didier Erudition, Paris, 1990.

24. LAKSHMI, H., *Problemes of Translation*, Booklinks Corporation, Hyderabad, 1993.

25. LAL, Puroshottam, *Transcreation*, Writers Workshop Publication, Calcutta, 1996.

26. LEFEVERE, Andre, *Translating Literature*, the Modern Language Association of America, New York, 1992.

27. LEFEVERE, Andre, *Translation, Rewriting, and the Manipulation of Literary Fame*, Rutledge, London et New York, 1992.

28. LOOMBA, Ania, *Colonialism/Post colonialism*, Routledge, London, 1998.

29. MALHOTRA, Suman, *Hindi Kahaniyon Mein Dwand: Premchand Yug Se Aadhunik Yug Tak*, Arya Book Depot, Delhi, 1987.

30. MARGOT, J.C., *Traduire Sans Trahir*, L'Age de L'Homme, Lausanne, Suisse, 1976.

31. MUKHERJEE, Sujit, *Translation as Discovery*, Allied Publisher, Delhi, 1981.

32. MUNDAY, Jeremy, *Introducing Translation Studies, Theories and Applications*, Routledge, London et New York, 2001.

33. NIDA, Eugène, *Towards a Science of Translating*, Leiden, The Netherlands, 1964.

34. PATTANAIK, Pranati, T*he Art of Translation*, Harman Publication House, New Delhi, 1997.

35. RAMKRISHNA, Shantha (ed.) *Translation and Multiculturalism - Post colonial contexts*, Pencraft International, Delhi, 1997.

36. SIMON, Sherry et Paul St. Pierre, (ed.) *Changing the terms (Translating in the post colonial era)*, Orient Longman, 2000.

37. SIMON, Sherry, *Hybridité Culturelle*, Bibliothèque Nationale du Québec, Québec, 1999.

38. SINGH, Naamwar, *Aadhunik Sahitya ki Pravritiyan*, Lokbharati Prakashan, Allahabad, 2000.

39. SINGH, Yogendra, *Cultural Change in India: Identity and Globalisation*, Rawat Publication, Jaipur, 2000.

40. TALWAAR, Veer Bharat, *Rashtriya Navjagran aur Sahitya (Kuchh Prasang : Kuchh Pravrityaan)*, Himachal Pustak Bhandar, Gandhinagar, Delhi, 1993.

41. TIWARI, Vishwanath Prasad, *Gadhya ke Pratimaan*, Lokbharati Prakashan, Allahabad, 1996.

42. VENUTI Lawerence, *The Scandals of Translation*, Rutledge, London, 1998.

Articles:

1. GODARD, Barbara, 'Culture as Translation', dans RAMAKRISHNA, Shantha,(ed.) *Translation and Multilingualism (Post Colonial Contexts)*, Pencraft International, Delhi, 1997, Page 157.

2. HOLMES, James S., 'the Name and Nature of Translation Studies' dans *International Journal of Translation*, Vol. III, N.102, June-Dec., 1991.

3. JACKOBSON, Roman, 'In Linguistic Aspect of Translation' dans *On Translation*, BROWER, R.A., (ed.), Oxford University Press, New York, 1966.

4. LADMIRAL, Jean-René, 'Sourciers et Ciblistes' dans *Revue d'Esthétique*, Édition Privat, Toulouse, 1987, p.33.

5. LITTLEFIELD, Walter, 'Anatole France Now in English' dans *The New York Times*, 26th Sept. Oct.1908, New York.

6. MUKHERJEE, Sujit, 'Transcreating Translation', dans MUKHERJEE, Meenakshi,(ed.) *Translation As Recovery*, Pencraft International, Delhi, 2004,p. 43.

7. MUKHERJEE, Sujit, 'Re-Slating Transcréation', dans MUKHERJEE, Meenakshi,(ed.) *Translation As Recovery*, Pencraft International, Delhi, 2004, Page 21.

8. SINGH, Naamwar, 'Pragativaad', dans *Aadhunik Sahitya ki Pravritiyan*, Lokbharati Prakashan, Allahabad, 2000, p.61-92.

9. ST. PIERRE, Paul, 'Translation in a Plurilingual Post-Colonial Context: India', dans RAMAKRISHNA, Shantha (ed.), *Translation and Multilingualism (Post Colonial Contexts),* Pencraft International, Delhi, 1997, Page 135.

10. TALWAR, Veer Bharat, 'Sevasadan Par Film: Rashtriya Andolan Ka Ek Aur Paksh', dans *Rashtriya Navjagran aur Sahitya(Kuchh Prasang : Kuchh Pravrityaan)* , Himachal Pustak Bhandar, Gandhinagar, Delhi, 1993, p.178-210.

11. 'The Origin of La Tulipe Noire' dans *The New York Times*, 15th Oct.1899, New York.

12. TRIVEDI, Harish, 'India, England, France: A Post-colonial Translational Triangle', dans RAMAKRISHNA, Shantha,(ed.) *Translation and*

Multilingualism (Post Colonial Contexts), Pencraft International, Delhi, 1997, Page 248.

Dictionnaires

1. *Le Petit Robert, Dictionnaire de la langue française*, Robert, Paris, 1992.
2. *The Wordsworth French Dictionary*, Wordsworth Editions Ltd., Hertfordshire, 1994.
3. *Oxford Advanced Learners Dictionary*, Oxford, London, 1996.
4. *Hindi-Français Dictionnaire Général*, BALBIR, N, JAGBANS, K, L'Asiathèque, Paris, 1995.
5. *Bhargava's Standard Illustrated Dictionary, (Hindi-English)*, Bhargava Book Depot, Varanasi, 1989.
6. BUCKLE, Father Camil, *Angrezi-Hindi Kosh*, S.Chand & Co. Ltd., New Delhi, 1996.
7. *Larousse, Dictionnaire Général, français-anglais, anglais-français*, Larousse, Paris, 1998.
8. *Larousse de la langue française*, Larousse, Paris, 2001.

Sites Web :

1. http://www.alalettre.com/dumas.php
2. http://www.antiochian.org/node/16761/
   St.Thais(saint)#Accounts_of_her_Life
3. www.britannica.com/EBchecked/topic/.../**Anatole-France**
4. www.cadytech.com/**dumas**
5. www.evene.fr/livres/livre/**anatole-france-oeuvres**
6. www.iloveindia.com/indian-heroes/**premchand**.html
7. www.kirjasto.sci.fi/a**france**.htm
8. www.kirjasto.sci.fi/a**dumas**1.htm
9. www.munshi-**premchand**.blogspot.com
10. http://nobelprize.org/nobel_prizes/literature/laureates/1921/france-bio.html
11. www.online-literature.com/**dumas**/
12. www.**premchand**.org
13. www.quotationspage.com/quotes/**Anatole_France**/
14. www.rrtd.nic.in/munshi**premchand**.htm
15. www.urdustan.com/adeeb/nasr/**premchand**.htm
16. www.bief.org/.../La-**litterature-indienne**-dans-l-edition-francaise
17. www.**jstor**.org/page/info/help/search/index
18. http://www.orkut.co.in/Main#Scrapbook.aspx

ANNEXE

ANNEXE-I

Les œuvres d'Anatole France[1]

Romans

- *Jocaste et Le Chat maigre* (1879)
- *Le Crime de Sylvestre Bonnard,* (1881)
- *Les Désirs de Jean Servien* (1882)
- *Abeille* (1883)
- *Balthasar* (1889)
- *Thaïs* (1890)
- *L'Étui de nacre* (1892)
- *La Rôtisserie de la reine Pédauque* (1892)
- *Les Opinions de Jérôme Coignard* (1893)
- *Le Lys rouge* (1894)
- *Le Jardin d'Épicure* (1895)
- *Le Puits de Sainte Claire* (1895)
- *L'Histoire contemporaine*
  - *L'Orme du mail* (1897), (*L'Histoire contemporaine*, I)
  - *Le Mannequin d'osier* (1897), (*L'Histoire contemporaine*, II)
  - *L'Anneau d'améthyste* (1899), (*L'Histoire contemporaine*, III)
  - *Monsieur Bergeret à Paris* (1901), (*L'Histoire contemporaine*,IV)
- *Clio* (1900)
- *Le Procurateur de Judée* (1902)
- *Histoires comiques* (1903)
- *Sur la pierre blanche* (1905), (PG)

[1] www.evene.fr/livres/livre/anatole-france-oeuvres

- *L'Affaire Crainquebille* (1901)
- *L'Île des Pingouins* (1908), (PG)
- *Les Contes de Jacques Tournebroche* (1908)
- *Les Sept Femmes de Barbe bleue et autres contes merveilleux* (1909)
- *Les dieux ont soif* (1912)
- *La Révolte des anges* (1914)

Souvenirs

- *Le Livre de mon ami* (1885)
- *Pierre Nozière* (1899)
- *Le Petit Pierre* (1918)
- *La Vie en fleur* (1922)

Théâtre

- *Au petit bonheur*, un acte (1898)
- *Crainquebille*, pièce (1903)
- *La Comédie de celui qui épousa une femme muette*, deux actes (1908)
- *Le Mannequin d'osier*, comédie (1928)

Critique littéraire

- *Alfred de Vigny*, étude (1869)
- *Le Château de Vaux-le-Vicomte* (1888)
- *Le Génie latin* (1913), recueil de préfaces

ANNEXE -II

Les œuvres d'Alexandre Dumas[2]

Romans et pièces de théâtre

1825 *La chasse et l'amour*, pièce de théâtre

1826 *la Noce et l'Enterrement*, pièce de théâtre

1829 *Henri III et sa cour*, pièce de théâtre

1830 *Christine,* pièce de théâtre

1831 *Napoléon,* pièce de théâtre
Antony, pièce de théâtre.

1832 *La Tour de Nesle*, pièce de théâtre

1834 *Impressions de Voyage*

1835 *Souvenirs d'Antony* et d'*Isabel de Bavière*

1836 *Kean*, pièce de théâtre

1837 *Caligula*, pièce de théâtre

1838 *Le Capitaine Paul*

1839 *Mademoiselle de Belle-Isle*

1840 *Napoléon, Othon Larcher, Les Stuarts, Maître Adam Le calabrais*

1841 *Praxède, Nouvelles Impressions de Voyage (Midi de la*

[2] http://www.alalettre.com/dumas.

France), Souvenirs de voyage.

1842 *Le Chevalier d'Harmental.*

1843 *Le Corricolo (Impressions de Voyage)*
Des Demoiselles de Saint-Cyr.

1844 *Les trois mousquetaires*

1845 *Vingt ans après, Le comte de Monte-Cristo, Une fille du régent, et La reine Margot*

1846 *La dame de Monsoreau, Le bâtard de Mauléon, Joseph Balsamo, Les Deux Diane.*

1847 *Impressions de voyage, De Paris à Cadix, et Les Quarante-Cinq.*

1848 *Le Vicomte de Bragelonne*

1849 *Le collier de la reine, Les mille et un fantômes*

1850 *La tulipe noire, La femme au collier de velours, Le trou de l'Enfer, La Colombe.*

1851 *Le Drame de Quatre Vingt Treize, Ange Pitou, Olympe de Clèves.*

1853 *La comtesse de Charny, Le Pasteur d'Ashbourne, Isaac Laquedem, Ingénue.*

1854 *La jeunesse de Pierrot, Une vie artiste, Catherine Blum, Saphir, Vie et Aventures de la princesse de Monaco, Les mohicans de Paris, Souvenirs de 1830 à 1842, La Jeunesse de Louis XIV.*

1855 *La dernière année de Marie Dorval; Salvator; Marie Giovanni,*

journal d'une parisienne; Le page du duc de Savoie.

1856 *Madame du Deffand, Les compagnons de Jéhu.*

1857 *L'Homme aux contes, Charles Le Téméraire, Le Meneur de Loups, La Dame de Volupté*

1858 *Les louves de Machecoul,*

1859 *De Paris à Astrakan, le Caucase, Jane, Mémoires d'un policeman, Histoire d'un cabanon et d'un chalet.*

1860 *Mémoires de Garibaldi, Une aventure d'amour, Le Père Gigogne, La Marquise d'Escoman.*

1861 *Une nuit à Florence sous Alexandre de Médicis, Les Morts vont vite, Bric à Brac.*

1863 *La Princesse Flora, La San-Felice, La Boule de neige*

1867 *Les Blancs et les Bleus, Les Hommes de fer*

1868 *La terreur prussienne, souvenirs dramatiques*

1873 Publication posthume de : *Le Grand Dictionnaire de cuisine, Le docteur mystérieux, La fille du marquis, Le Prince des Voleurs, Robin Hood le Proscrit, L'Ile de feu..*

Poésies

- *Poèmes dorés* (1873)
- *Les Noces corinthiennes* (1876), drame antique en vers

ANNEXE -III

Les œuvres de Premchand[3]

Romans

- *Gaban* (गबन) (1931)
- *Sevasadan* (सेवासदन)(1916)
- *Godaan* (गोदान) (1936)
- *Karmabhoomi* (कर्मभूमि)(1930)
- *Kaayakalp* (कायाकल्प)(1926)
- *Manorma* (मनोरमा) (date n'est pas mentionnée)
- *Mangalsootra* (मंगलसूत्र) (incomplete)
- *Nirmala* (निर्मला)(1927)
- *Pratigya* (प्रतिज्ञा)(1929)
- *Premashram* (प्रेमाश्रम) (1922)
- *Rangbhoomi* (रंगभूमि)(1924)
- *Vardaan* (वरदान) (1921)
- *Prema* (प्रेमा) (date n'est pas mentionnée)

[3] www.munshi-premchand.blogspot.com

Pièce de théâtre

- *Karbala* (कर्बला) (date n'est pas mentionnée)

Films et Feuilletons basés sur ses œuvres:

- Sadgati (सदगति) (1981) (TV)
- Shatranj Ke Khilari (शतरंज के खिलाड़ी) (1977)
- Godhuli (गोधूलि) (1977)
- Oka Oori Katha (ओका औरि कथा) (1977)
- Gaban (गबन) (1966)
- Godaan (गोदान) (1963)
- Seva Sadan (सेवा सदन) (1938)
- Mazdoor (मजदूर) (1934)
- Nirmala (निर्मला) (TV, 1980s)
- Tahreer: Munshi Premchand ki (तहरीर : मुंशी प्रेमचंद की) (Doordarshan 2006, Réalisateur - Gulzaar)

ANNEXE IV

First published in 1909.

THAÏS

Anatole France

translated by Robert B. Douglas

Thaïs
A publication of
WILDSIDE PRESS
P.O. Box 301
Holicong, PA 18928-0301
www.wildsidepress.com

ANNEXE V

The Banquet

When, followed by Paphnutius, Thaïs entered the banqueting-room, the guests were already, for the most part, assembled, and reclining on their couches before the horseshoe table, which was covered with glittering vessels. In the center of the table stood a silver basin, surmounted by four figures of satyrs, who poured out from wine-skins on the boiled fish a kind of pickle in which they floated. When Thaïs appeared, acclamations arose from all sides.

Greetings to the sister of the Graces!

To the silent Melpomene, who can express all things with her looks!

Salutation to the well-beloved of gods and men!

To the much desired!

To her who gives suffering and its cure!

To the pearl of Racotis!

To the rose of Alexandria!

She waited impatiently till this torrent of praise had passed, and then said to Cotta, the host —

"Lucius, I have brought you a monk of the desert, Paphnutius, the Abbot of Antinoë. He is a great saint, whose words burn like fire."

ANNEXE VI

First published as *La Tulipe noire* in Paris, 1865
Published in Penguin Classics 2003
9

This translation copyright © Robin Buss, 2003
All rights reserved

The moral right of the translator has been asserted

Set in 10.25/12.25 pt PostScript Adobe Sabon
Typeset by Rowland Phototypesetting Ltd, Bury St Edmunds, Suffolk
Printed in England by Clays Ltd, St Ives plc

ALEXANDRE DUMAS

The Black Tulip

Translated with an Introduction and Notes by
ROBIN BUSS

ANNEXE VII

CHAPTER 6

A Tulip Grower's Hatred

From that moment on, what Boxtel felt was not anxiety but fear. Boxtel lost the thing that gives energy and nobility to the efforts of the body and the mind, which is the cultivation of an idea, and he lost it in thinking about the harm that his neighbour's idea would cause him.

As one might imagine, once he had applied the superb intellect that nature had given him to this end, van Baerle managed to grow the most beautiful tulips. Better than anyone in Haarlem or Leyden, towns which provide the best soil and climate, Cornelius succeeded in varying the colours, moulding the forms and multiplying the types of his flowers.

He belonged to that naive and ingenious school which took as its motto from the seventh century onwards the aphorism (which one of its number would embellish) 'Contempt for flowers is an offence against God'; which premiss the school of tulip fanciers, the most exclusive of all schools, in 1653 developed into the following syllogism: 'Contempt for flowers is an offence against God. The lovelier the flower, the greater the offence in despising it. The tulip is the loveliest of all flowers. So whoever despises the tulip offends God immeasurably.' By which reasoning, as one may see, had they so wished, the four or five thousand tulip growers of Holland, France and Portugal – not to mention those of Ceylon, India and China – would have outlawed the rest of the world and declared several hundred million men who were unmoved by the flower to be schismatics, heretics and punishable by death.

Undoubtedly, Boxtel, though he was the mortal enemy of van

राष्ट्रीय नवजागरण और साहित्य

इधर कुछ वर्षों से राष्ट्रीय नवजागरण की चर्चा हो रही है। इस किताब में उस पर अलग से विचार नहीं किया गया है। लेकिन उसी के परिप्रेक्ष्य में उस युग के साहित्य के कुछ प्रसंगों पर और हिन्दी प्रदेश में हुए वैचारिक-सांस्कृतिक आन्दोलनों की कुछ प्रवृत्तियों पर विचार किया गया है। पिछले कुछ सालों से डॉ० रामविलास शर्मा हिन्दी नवजागरण की जो भव्य रूपरेखाएँ खींचते रहे हैं, लेखक उनसे आश्वस्त नहीं लगता।

इस किताब में हिन्दी के प्रारंभिक उपन्यासों के प्रसंग में एक पिछड़े हुए प्रदेश के नवजागरण को समझने की कोशिश की गई है। साम्राज्यवाद-विरोधी संघर्ष की परंपरा में रामचंद्र शुक्ल और प्रेमचंद के बीच समानता और बुनियादी फर्क को दिखाया गया है। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान हिन्दी प्रदेश में उभरे स्त्री-आन्दोलन की रूपरेखा हिन्दी में पहली बार यहाँ खींची गई है। सन् 33-34 में, जब बोलता सिनेमा शुरू ही हुआ था, हिन्दी के राष्ट्रवादी बुद्धिजीवी हिन्दी सिनेमा के वर्तमान और भविष्य को लेकर किस संघर्ष में जुटे थे, इसकी भी झलक पहली बार सामने लाई गई है। हिन्दी प्रदेश में समाजवादी चेतना के प्रसार के सर्वेक्षण के अलावा असहयोग आन्दोलन के मातहत कैसे एक उपन्यास की राजनीतिक व्याख्या की गई थी, इसका भी दिलचस्प अध्ययन किया गया है।

तथ्यपरक व्याख्या और चीजों को उनकी जड़ों तक जाकर देखने वाली गंभीर शोधपरक दृष्टि के अलावा लेखक की साफ-सुथरी, समर्थ भाषा भी ध्यान देने लायक है।

मूल्य : रु० 120.00

राष्ट्रीय नवजागरण और साहित्य
कुछ प्रसंग : कुछ प्रवृत्तियाँ
वीरभारत तलवार, हिमाचल पुस्तक भंडार, गांधीनगर, दिल्ली, 1993

डॉ० वीरभारत तलवार

डॉ० वीरभारत तलवार नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा केंद्र में अध्यापन-कार्य करते हैं। 20 सितम्बर, 1947 को औद्योगिक शहर जमशेदपुर में लोहा-इस्पात कारखाने में काम करने वाले एक शिक्षित मजदूर-परिवार में जन्मे डॉ० तलवार ने हिन्दी में एम० ए० (1970) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से और पी०-एच डी० (1984) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से की है। सत्तर का पूरा दशक उन्होंने एक वामपंथी राजनीतिक ग्रुप के पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में गुजारा। इन दस वर्षों के सक्रिय राजनीतिक जीवन में तीन महत्त्वपूर्ण पत्रिकाओं का सम्पादन-प्रकाशन भी किया। पटने से आर्थिक-राजनीतिक पत्रिका **फ़िलहाल**; धनबाद से आदिवासी समाज-संस्कृति और इतिहास से संबंधित पत्रिका **शालपत्र** और राँची से अलग झारखंड राज्य के राजनीतिक आन्दोलन का मुखपत्र **झारखंड वार्ता**। डॉ० तलदार ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में आगे बढ़कर हिस्सा लिया और झारखंडी भाषाओं के लेखकों-बुद्धिजीवियों को संगठित किया। उन्होंने तीन लोकप्रिय राजनीतिक पैम्फलेट भी लिखे : **झारखंड क्या, क्यों और कैसे ?**; **आर० एस० एस० और झारखंड के आदिवासी** तथा **महान संथाल हूल : 1855-56**। झारखंड के आदिवासियों के बीच अपने कामों के लिए 1989 में उन्हें झारखंड के सर्वोच्च सम्मान **भगवान बिरसा पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।

हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं में कई आलोचनात्मक एवं शोधपरक निबंध छपे हैं। प्रकाशित पुस्तक : **किसान, राष्ट्रीय आंदोलन और प्रेमचंद : 1918-22.**

ANNEXE VIII

'सेवासदन' पर फिल्म : राष्ट्रीय आन्दोलन का एक और पक्ष

प्रेमचन्द के उपन्यास सेवासदन पर फिल्म 1933 में बननी शुरू हुई और यह 1934 के जून महीने में रिलीज हुई थी। इलाहाबाद के मोतीमहल और दिल्ली के पिक्चर हाउस (अब कुमार टाकीज) में दिखायी गयी इस फिल्म की अखबारों में चर्चा रही। पर, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उल्लेखनीय सफलता न पा सकी। उन दिनों या शब्द जोड़कर फिल्मों के दो-दो नाम भी रखे जाते थे, जैसे सुलोचना या टेम्पल बेल्स, श्री गौरांग लीला या हरि-भक्ति, मायाजाल या जंगे उल्फत, कन्या-विक्रय या लोभी पिता और राधामोहन या नन्द के लाला आदि। इसी ढंग से प्रेमचन्द के उपन्यास पर बनी फिल्म का पूरा नाम था सेवासदन या बाजारे हुस्न। इस तरह उपन्यास के हिन्दी-उर्दू, दोनों संस्करणों के शीर्षक फिल्म के नाम में समेट लिए गये। फिल्म का निर्माण बम्बई की श्रीमहालक्ष्मी सिनेटोन कम्पनी ने किया था जिसके मालिक थे नानू-भाई वकील।

बम्बई की फिल्मी दुनिया की संस्कृति जितनी बाजारू आज है, 1934 में इससे भी ज्यादा बाजारू थी। फिल्मों में अश्लीलता, फूहड़ता, मार-काट और बेवजह गानों की भरमार आज के मुकाबले कहीं ज्यादा होती थी। फिर प्रेमचन्द जैसे गम्भीर लेखक की रचना फिल्म के लिए कैसे चुन ली गयी ? इसका जवाब उस जमाने के जागरूक सम्पादक—प्रकाशक ऋषभचरण जैन और उनकी पत्रिका चित्रपट का जिक्र किये बिना पूरा नहीं हो सकता। 'सेवासदन' का फिल्म बनना हिन्दी प्रदेश में बम्बई की बाजारू फिल्म संस्कृति के खिलाफ उभरे राष्ट्रीय सांस्कृतिक आन्दोलन का नतीजा था और ऋषभचरण जैन की पत्रिका चित्रपट इस आन्दोलन का एक महत्त्वपूर्ण अंग थी। किसी भी देश में सिनेमा उस देश की सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल से अछूता कभी नहीं रहा। यूरोप के देशों में हुए राजनीतिक संघर्षों ने सिनेमा के विकास पर काफी असर डाला। रूस की बोल्शेविक क्रान्ति ने सिनेमा को सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन के लिए हथियार बनाने की कोशिश की। फासिज्म के विकास और फासिज्म के खिलाफ संघर्ष—दोनों में सिनेमा ने अपनी भूमिका अदा की। भारत में अँगरेजी राज के खिलाफ राष्ट्रीय आन्दोलन ने समाज में जो लहरें पैदा कीं, 1930 के आस-पास उनमें से एक लहर राष्ट्रीय सिनेमा की थी जिसका संघर्ष न सिर्फ

भारतीय सिनेमा में जमे औपनिवेशिक संस्कृति के कूड़ा-करकट के खिलाफ था, बल्कि भारतीय सिनेमा के औपनिवेशिक शोषण के खिलाफ भी था। लेकिन राष्ट्रीय आन्दोलन ने जिन सांस्कृतिक लहरों को जन्म दिया था, उनमें यह सबसे कमजोर लहर थी। इस संघर्ष में हिन्दी के बुद्धिजीवी हार गए।

ऋषभचरण जैन राष्ट्रीय आन्दोलन में उस हिस्से के साथ थे जो धीरे-धीरे हिन्दू-राष्ट्रवाद की दिशा में बढ़ता गया। वे स्वामी श्रद्धानन्द से प्रभावित हुए। श्रद्धानन्द ने सत्याग्रह आन्दोलन के वक्त दिल्ली में काम किया था और 1922–23 में दंगे भड़के तो हिन्दुओं को संगठित करने में जुट गये थे। 1940 में ऋषभचरण ने सावरकर से मुलाकात की। इसके बाद वे हिन्दू महासभा की दिल्ली शाखा के पदाधिकारी बन गये। चतुरसेन शास्त्री की बदनाम किताब इस्लाम का वटवृक्ष ऋषभचरण ने छापी थी। पर, ऋषभचरण जैन का परिचय अधूरा और एकांगी है।

दिल्ली में हिन्दी का पहला प्रकाशन गृह हिन्दी पुस्तक कार्यालय 1927 में खुला। खोलनेवाले ऋषभचरण जैन। बाद में इसका नाम साहित्य मण्डल हुआ। प्रकाशक के रूप में हिन्दी के दो दिग्गज लेखकों—जैनेन्द्र और यशपाल—की रचनाएँ पहली बार छापने का श्रेय उन्हीं को है। ऋषभजी ने जैनेन्द्र का पहला कहानी-संग्रह फाँसी (1929) छापा, जो कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में हाथोहाथ बिक गया और देश के सशस्त्र क्रान्तिकारियों से जैनेन्द्र का परिचय हुआ। यशपाल की पहली किताब लेनिन और गांधी 1931 में ऋषभजी ने छापी। छद्मनाम से छपी यह किताब यशपाल की मौलिक रचना न थी बल्कि लुई फिशर की एक किताब का अनुवाद या उस पर आधारित रचना थी जिसे यशपाल ने ऋषभजी के आग्रह से तैयार किया था। प्रसिद्ध कम्युनिस्ट एम० एन० राय से सम्पर्क रखने वाले ऋषभजी प्रेमचन्द के मित्र और प्रशंसक थे। चित्रपट पत्रिका निकाल कर ऋषभचरण जैन ने हिन्दी में फिल्म-पत्रकारिता की एक नई परम्परा को जन्म दिया। इस पत्रिका के जरिए उन्होंने देश के साम्राज्यवाद-विरोधी संघर्ष को ध्यान में रखते हुए हिन्दी फिल्मों के निर्माण में सुधार का अभियान छेड़ा। इसी उद्देश्य से दिल्ली की मोशन पिक्चर्स सोसायटी को प्रभावित करने की कोशिश की जिसके 1934 में वे सदस्य बने। 1942 में खुद फिल्म वितरण के व्यवसाय में उतर आए। इस व्यवसाय में अभी दो साल ही गुजरे थे कि नितिन बोस की फिल्म पराया धन की व्यावसायिक असफलता ने उन्हें गहरा धक्का लगाया। इसके बाद गोदामों में आग लगी। फिर हुआ देश का विभाजन। लाहौर और कराँची के दफ्तर पाकिस्तान में छूट गए। एक के बाद एक लगे धक्कों में ऋषभचरण जैन का व्यापार टूट गया। उनका मानसिक सन्तुलन बिगड़ गया जो फिर आजीवन ठीक नहीं हुआ। दिल्ली के दरियागंज मुहल्ले में

उनके बेटे के घर किताबों से भरी एक छोटी-सी मैली कोठरी में बिछी चारपाई पर तिहत्तर साल के बूढ़े ऋषभचरण जैन से मिलकर मन उदास हो जाता था। विक्षिप्तावस्था में वे अपने और मार्शल जोजेफ स्तालिन के निकट सम्बन्धों की बातें करने लग जाते। उनसे मिलना एक युग की असफलता से मिलना था; बम्बइया हिन्दी फिल्मों के बाजारूपन के खिलाफ हिन्दी बुद्धिजीवियों के संघर्ष की पराजय से मिलना था।

चित्रपट पत्रिका

कैसी थी चित्रपट पत्रिका ?

चित्रपट आज भी निकलती है; सस्ती, रंगीन और बाजारू फिल्मी पत्रिकाओं के साथ हर शहर के फुटपाथों पर बिकती हुई दिखाई दे जाती है। बहुत साल हुए, उनके बेटे ने इसे एक दूसरे व्यवसायी के हाथ बेच दिया। पर, 1933 में जब ऋषभचरण जैन ने इसका प्रकाशन शुरू किया था, तब यह हिन्दी पत्रकारिता में एक नये सिलेसिले की शुरुआत थी जो सिनेमा को राष्ट्रवादी शिक्षित मध्यवर्ग की अभिरुचियों और जरूरतों के मेल में ले आने का लक्ष्य लेकर चली थी। वे चित्रपट के जरिए हिन्दी सिनेमा को हिन्दी के साहित्यिक वातावरण के अनुरूप ढालने का उद्देश्य लेकर चले थे। लिहाजा चित्रपट फिल्मी पत्रिका होते हुए भी हिन्दी साहित्य से दूर न थी। उसमें साहित्यिक चीजें भी छपती थीं। हिन्दी साहित्य सम्मेलन की रपट के अलावा नर्मदा प्रसाद खरे, जैनेन्द्रकुमार, चतुरसेन शास्त्री, द्विजेन्द्रनाथ मिश्र 'निर्गुण' तथा 'हरिऔध' जैसे लेखकों-कवियों की रचनाएँ भी छपती थीं। जैनेन्द्रकुमार का उपन्यास तपोभूमि चित्रपट में धारावाहिक छपा। साहित्यिक आलोचना भी छपती थी। उन दिनों 'मतवाला' मण्डल के लेखक पाण्डे बेचन शर्मा 'उग्र' हिन्दी के सबसे ज्यादा बिकने वाले लेखक थे। 1933 के अगस्त के चित्रपट में उनके घासलेटी साहित्य की चर्चा हुई। 1934 के अंक में मैथिलीशरण गुप्त की यशोधरा की समालोचना छपी। एक अंक में उर्दू कविता की धारा पर लेख छपा। पत्रिका साप्ताहिक थी। ऋषभचरण जैन इसके सम्पादक थे। 1934 से गोपालसिंह नेपाली सहायक सम्पादक हुए। एक प्रति का मूल्य चार आने था जो बाद में घटाकर दो आने कर दिया गया।

चित्रपट का एक मुख्य उद्देश्य भारत के सिनेमा क्षेत्र में साम्राज्यवादी शोषण का विरोध करना था। अँगरेजी राज के जरिए भारत की धन-सम्पदा हर तरीके से लूटकर इंग्लैण्ड पहुँचाई जाती थी। 'पँ सब धन बिदेस चलै जात, यहै दुख भारी।' फिल्म-निर्माण भी एक ऐसा धन्धा था जिसके चलते देश का धन यूरोप में जाता था। भारत के आर्थिक शोषण की आलोचना को फिल्म क्षेत्र में लागू

करने का काम चित्रपट ने किया। आज हम सवाक् फिल्में देखने के आदी हैं, पर एक समय ऐसा था जब सवाक् फिल्में न बनती थीं, सिर्फ मूक फिल्में होती थीं। पहली सवाक् फिल्म आलमआरा इम्पीरियल कम्पनी ने 1927 में बनाई। इसके बाद भी सवाक् फिल्में लगातार नहीं बनीं। 1927 से 1935 तक हालत यह रही कि मूक फिल्में भी बन रही थीं, और सवाक् फिल्में भी। जो फिल्म सवाक् बनतीं, उनमें भी हर फिल्म शुरू से अन्त तक सवाक् नहीं होती। किसी में दस में पाँच रील सवाक् होतीं, बाकी मूक। तो, किसी में दो या एक ही रील सवाक् होती, बाकी मूक। पत्र-पत्रिकाओं में फिल्मों के जो विज्ञापन छपते, उनमें बड़े गर्व के साथ ऐसी घोषणाएँ रहतीं कि यह फिल्म चार रील तक सवाक् है, यह फिल्म दो रील तक सवाक् है। मूक से सवाक् फिल्मों पर आ जाना आज हमें एक स्वाभाविक तकनीकी विकास से ज्यादा कुछ नहीं लगता। लेकिन, एक समय था जब यह तकनीकी घोर विवाद और विरोध का प्रश्न बना हुआ था जिस पर काफी वैचारिक संघर्ष चला। हम उस संघर्ष को भूल चुके हैं कि कभी साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ रहे राष्ट्रवादियों ने सवाक् फिल्मों का जमकर विरोध किया था। चित्रपट के पृष्ठों पर उस संघर्ष की झलक मिलती है।

20 अक्तूबर, 1933 के अंक में सम्पादकीय टिप्पणी छपी : विषैली मनोवृत्ति। इसमें लिखा—"भारतवर्ष के आदर्शवादी जिन कारणों से चित्रपट कला को विरक्ति की दृष्टि से देखते हैं, उनमें से एक यह भी है कि चित्रपट व्यवसाय में—चाहे वह निर्माण हो चाहे प्रदर्शन—बहुमूल्य यन्त्र सामग्री विदेशों से मँगानी पड़ती है, और इस प्रकार इस निर्धन देश का करोड़ों रुपया विदेशियों के ऐश्वर्य में सहायक बनता है।" इस विदेशी शोषण को खत्म करने के लिए देशी पूँजी और घरेलू उद्योग-धन्धों का विकास करना जरूरी था। सम्पादक ने फिल्म क्षेत्र से देश का धन विदेश जाने से रोकने के लिए चार सुझाव दिए—"1. टाटा आदि देशी कम्पनियों को सिनेमा-मशीनरी निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। 2. प्रबल आन्दोलन द्वारा सरकार पर दबाव डाला जाए कि वह देशी कम्पनियों को इस मशीनरी के निर्माण के लिए उचित प्रोत्साहन दे और तत्सम्बन्धी समस्त प्रतिबन्ध हटाकर विदेशी आयात को भारी कर द्वारा बन्द करे। 3. सिनेमा कला का अधिक से अधिक हितकर उपयोग किया जाए। और 4. सिनेमा क्षेत्र में ऐसी किसी नवीनता का प्रवेश न करने का परामर्श कम्पनी के मालिकों को दिया जाए, जिसके लिए अतिरिक्त व्यय करना पड़े और जिसके लिए परोक्ष या अपरोक्ष रूप से विदेशों का मुँह ताकना पड़े।"

चित्रपट के 1934 के नववर्षांक में शंकरलाल मेहरोत्रा, बी० एस-सी० का लेख छपा : भारतीय सिनेमा-व्यवसाय द्वारा विदेशों में गई हुई सम्पत्ति। शंकरलाल मेहरोत्रा कुछ समय तक शान्ताराम की फिल्म कम्पनी प्रभात थिएटर्स

में रहे थे। इस लेख में उन्होंने सवाक् फिल्मों और रंगीन फिल्मों की वजह से विदेशों में जा रही भारतीय सम्पत्ति का विवरण दिया। सवाक् फिल्मों का विरोध करते हुए मेहरोत्रा ने लिखा कि सवाक् फिल्म बनाने के लिए विदेशों से 'वेस्टन इलेक्ट्रिक' मशीन मँगानी पड़ती है जिसका दाम (1934 में) 60 हजार रुपया है। मूक फिल्म की जगह सवाक् फिल्म दिखाने के लिए सिनेमाघरों में भी कई आवश्यक परिवर्तन करने और नई मशीनें लगानी पड़ती हैं। भारत में फिल्म निर्माण के लिए नब्बे प्रतिशत उपकरण विदेशों से मँगाने पड़ते हैं और फिल्म को रंगीन करने के लिए भी उसे विदेश भेजना और भारी खर्च करना पड़ता है। सभी प्रकार की रिकार्डिंग मशीनें भी विदेशों से ही आती हैं। 1934 में भारत में पचास से अधिक कम्पनियाँ इस या उस हद तक सवाक् फिल्में बना रही थीं। कोडक एक विदेशी कम्पनी का नाम है जिसकी रीलें और कैमरे आज भी इस देश में बिकते हैं। 1934 में भी कोडक कम्पनी मौजूद थी जो भारत में फिल्म सम्बन्धी उपकरण बेचने वाली सबसे बड़ी कम्पनी थी। मेहरोत्रा ने फिल्म निर्माण की सारी लागत बताते हुए देशवासियों को कोडक कम्पनी के शोषण का हिसाब लगाने को कहा—"साधारणतया एक चित्रपट पर 30 से 50 हजार रुपए खर्च होते हैं। इसमें भारतीय एक्टरों को 10-15 हजार पारिश्रमिक देने के अलावा बाकी सारी रकम कोडक कम्पनी के जरिए या सीधे विदेशों को चली जाती है—उपकरणों, कच्चे माल आदि के लिए।" मेहरोत्रा ने पाठकों से अनुमान लगाने को कहा कि भारतवर्ष की इस दरिद्रतापूर्ण स्थिति में भारतीय सिनेमा के द्वारा अब तक कितनी सम्पत्ति विदेशों में गई। क्या ऐसे सिनेमा को 'भारतीय सिनेमा' कहना चाहिए? "जहाँ तक विचार किया जाता है, यही ज्ञात होता है, कि इस व्यवसाय को 'भारतीय' नाम से पुकारना भी भारतवासियों की भारी भूल है। यह तो आदि से अन्त तक विदेशी व्यवसाय है जिसके द्वारा सौ में नब्बे रुपये विदेश को चले जाते हैं।" इस साम्राज्यवादी शोषण का विरोध करते हुए लिखा—"महात्मा गांधी तथा देश के अन्य नेता अपने प्राणों को न्योछावर कर, भारत की अवस्था को सुधारने का प्रयत्न कर रहे हैं। उन्होंने विदेशी कपड़ों और वस्तुओं का बहिष्कार करके स्वयं असह्य वेदना सही। न जाने कितनी जानें स्वर्ग-लोक गईं, और किसी न किसी प्रकार भारतवर्ष का बहुत धन विदेशों में जाने से बचाने का प्रयत्न किया गया, परन्तु सिनेमा व्यवसायियों ने तथा शक्कर की मिलें खोलने वालों ने उससे कहीं अधिक रुपया विदेशों को भेजकर वहाँ के व्यापार को फिर वैसा ही हरा-भरा कर दिया।"

आज देश का धन विदेश जाने की चिन्ता कौन करता है?

मूक के मुकाबले सवाक् फिल्मों के विरोध में दो तर्क और दिए जाते थे। एक तर्क था, फिल्म में भाषा विशेष के प्रयोग से फिल्म देखने-समझने वालों की संख्या

सीमित हो जाएगी जबकि मूक फिल्में भारत के सभी प्रान्तों के लोग समझ लेते हैं। आज विचित्र-सा लगने वाला यह तर्क उस समय एक वास्तविक तर्क था। "सवाक् फिल्मों में मूक चित्रपटों से अठगुना और दसगुना धन लगता है, और मिलता बहुत कम है; क्योंकि भाषा प्रत्येक प्रान्त की पृथक है।" दूसरा तर्क था कि मानसिक भावों को भाषा और संवादों में ठीक-ठीक अभिव्यक्त कर देने वाले लेखक-नाटककार अभी फिल्म-जगत में नहीं हैं।

चित्रपट सवाक् फिल्मों की ही तरह रंगीन फिल्मों के भी खिलाफ था। भारत में पहली रंगीन फिल्म 1933 में शान्ताराम ने बनाई थी। शान्ताराम तब एक नये प्रतिभाशाली निर्देशक थे। महाभारत के एक अंश पर बनी अपनी फिल्म सैरन्ध्री को रंगीन कराने के लिए वे खुद जर्मनी के अफा स्टूडियो में गए। चित्रपट ने इसके खिलाफ एक आन्दोलन-सा छेड़ दिया। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इस आन्दोलन में इसे सफलता भी मिल गई। चित्रपट के 1934, नववर्षांक में अपने आन्दोलन का जिक्र करते हुए सम्पादक ने गर्व से लिखा—"इससे फिल्म संसार के प्रति चित्रपट ने अपनी सेवा का रिकार्ड स्थापित किया। इस आन्दोलन से बम्बई के फिल्म निर्माताओं की वह प्रवृत्ति एकदम रुक गई है, जो उन्होंने 'प्रभात' की देखा-देखी अपनी फिल्मों को विदेश में रंगीन कराने की इच्छा करके दी थी। यदि इस प्रवृत्ति का विरोध न होता, तो भारतवर्ष में शीघ्र ही सादे चित्रों की जगह उसी प्रकार रंगीन चित्रों का बोलबाला हो जाता, जिस तरह मूक की जगह सवाक् फिल्मों का एकाधिपत्य हो गया है। परिणामस्वरूप देश का करोड़ों रुपया विदेशों में चला जाता।"

इसका मतलब यह नहीं कि चित्रपट को सिर्फ देश का धन बचाने की चिन्ता थी, फिल्म विधा के विकास की नहीं। राष्ट्रवाद और यूरोप-केन्द्रित आधुनिकता के बीच टकराहट राष्ट्रीय आन्दोलन का एक अन्तर्विरोध था। चित्रपट आधुनिकता के खिलाफ न था। उसी सम्पादकीय में शान्ताराम की तारीफ करते हुए लिखा गया—"यद्यपि हम रंगीन फिल्म बनवाने के लिए विदेशों में रुपया फेंकने के घोर विरोधी हैं, परन्तु फिर भी मिस्टर शान्ताराम के नवीनता-प्रिय होने की प्रशंसा किए बिना नहीं रह सकते। उनमें मौलिकता तथा प्रतिभा है, और उनसे भारतीय फिल्म व्यवसाय को बहुत आशाएँ है।" सम्पादकीय में शान्ताराम की एक और नवीनता का स्वागत किया गया: "दूसरी नवीनता, जो मिस्टर शान्ताराम अभी थोड़े दिनों में भारतीय फिल्म-प्रेमियों के सम्मुख उपस्थित करेंगे, वह कार्टून फिल्म है। अभी तक इस ओर आगे बढ़ने की किसी को भी नहीं सूझी थी।"

शान्ताराम ने अपनी घोषणा के बावजूद उस समय कार्टून फिल्म नहीं बनाई। लेकिन चित्रपट कार्टून फिल्म की उज्ज्वल सम्भावना की वकालत करता

रहा। एक सितम्बर, 1933 के अंक में विश्वनाथ काशीनाथ जोगलेकर का लेख **व्यंग्य-चित्रपट का निर्माण** छपा। इसमें खेद प्रकट किया गया कि भारत में कोई व्यंग्य-चित्र नहीं बनाता जबकि यूरोप-अमरीका में इतने अच्छे व्यंग्य-चित्र बनते हैं। लेखक ने व्यंग्य-चित्र बनाने की कला का विवरण दिया। लेख में व्यंग्य-चित्र से मतलब कार्टून चित्रों से था।

चित्रपट भारतीय फिल्म व्यवसाय में नये विकास के प्रश्न पर किस गम्भीरता से सोच रहा था और इसके लिए कितना कल्पनाशील था, इसका प्रमाण है 6 अप्रैल, 1934 के अंक में छपा गजानन्द शर्मा, एम० ए० का लेख **भारतीय अभिनेताओं के लिए ट्रेनिंग कालेज**। इस लेख में अभिनय कला के प्रशिक्षण के लिए कालेज खोलने का मौलिक सुझाव दिया गया। सम्पादक ने लेख का महत्त्व बढ़ाने के लिए इसे 'विशेष लेख' बतलाया और साथ में टिप्पणी लिखी : "गजानन्द शर्मा ने इस लेख में एक सर्वथा नूतन और महत्त्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। हिन्दी के पटल-कला प्रेमी पाठकों को उनका प्रस्तुत प्रस्ताव सम्भवतः नवीन और अभूतपूर्व जान पड़ेगा, परन्तु वे हार्दिक समर्थन प्रदान करेंगे—इसमें तनिक भी सन्देह नहीं।" उस समय की परिस्थितियों में, जब सिनेमा में काम करना भद्र लोगों का पेशा नहीं माना जाता था, यह प्रस्ताव नया नहीं, बुनियादी महत्त्व का भी था। ऐसे प्रस्ताव की वकालत करके चित्रपट ने अपनी दूरदृष्टि का परिचय दिया। भारत सरकार ने पुणे फिल्म इंस्टिट्यूट सातवें दशक में खोला। चौथे दशक के पूर्वार्ध में ऐसी संस्था का सुझाव चित्रपट में मौजूद था।

राष्ट्रीय आन्दोलन के साथ मेल रखते हुए फिल्म व्यवसाय में देश के धन को विदेश में जाने से रोकने की चिन्ता **चित्रपट** का एक पक्ष था। दूसरा पक्ष था भारतीय सिनेमा के विकास के लिए नई और मौलिक कल्पनाशीलता को बढ़ावा देना। **चित्रपट** का तीसरा पक्ष, सिनेमा को सामाजिक ज्ञान-विज्ञान, इतिहास, संस्कृति तथा राष्ट्रीय आवश्यकताओं के मेल में लाकर उसे एक समग्रता प्रदान करना था। चित्रपट फिल्म-निर्माण पर किस समग्रता से विचार करता था; इसका एक प्रमाण उसमें छपने वाले लेखों की विषयवस्तु से मिलेगा। **चित्रपट** कैसी फिल्म-पत्रिका थी, इसका पता जून, 1934 के नववर्षांक की विषय-सूची के विज्ञापन से लगता है :

1. सिनेमा द्वारा कला-कौशल, शिल्प और कृषि शिक्षा
2. छोटे बच्चों की व्यावहारिक शिक्षा सम्बन्धी फिल्में
3. भारतीय फिल्मों के लिए नये लेखकों की आवश्यकता
4. स्वास्थ्य और प्रारम्भिक उपचार सम्बन्धी फिल्में
5. ग्राम्य संगठन में फिल्मों से सहायता
6. भद्र महिलाओं और कुलीन पुरुषों के अभिनय क्षेत्र में आने में बाधाएँ

7. फिल्म बनाने योग्य हिन्दी-उर्दू की पुस्तकें
8. मुगलकालीन रीति-रस्म और वेश-भूषा
9. बौद्धयुग का समाज जीवन
10. जापानी फिल्में
11. जर्मन फिल्मों का महत्त्व
12. फिल्मों द्वारा रूसी राष्ट्र का निर्माण
13. भारत में सिनेमा सम्बन्धी पत्र-पत्रिकाएँ
14. सिनेमा व्यापार पर भारत की पूंजी
15. सिनेमा फिल्मों द्वारा नागरिकों की लूट
16. सिनेमा व्यवसाय द्वारा विदेशों में गई हुई सम्पत्ति
17. भारत के फिल्म डाइरेक्टरगण

यह विज्ञापित विषय-सूची है, प्रकाशित विषयों की सूची नहीं। जब अंक निकला तो इसमें से कुछ लेख छपे, कुछ नहीं। पर विज्ञापित विषय-सूची से सम्पादक की कल्पना का पता चलता है। एक फिल्म पत्रिका में किन प्रश्नों की चिन्ता होनी चाहिए, इस बारे में उसके दिमाग में क्या है, इसका पता चलता है।

'सेवासदन' की पृष्ठभूमि

'सेवासदन' पर फिल्म बनने की पृष्ठभूमि में चित्रपट की भूमिका महत्त्वपूर्ण थी।

चित्रपट इस लक्ष्य को लेकर आन्दोलन चला रहा था कि अश्लील, भौंड़ी और बाजारू फिल्मों की जगह हिन्दी में स्वस्थ, कलापूर्ण और वैचारिक दृष्टि से ऊँची फिल्में बनायी जायें। उन दिनों ऐतिहासिक और पौराणिक कथाओं पर बहुत ही विकृत और फूहड़ फिल्में बनती थीं। 22 सितम्बर, 1933 के सम्पादकीय में एक समाचार दिया गया : "अभी हाल ही में पंजाब के दो प्रमुख स्थानों पर हिन्दुओं की दो बड़ी मीटिंगें हुईं, और उनमें प्रस्ताव पास हुए कि भारतीय फिल्म कम्पनियाँ आजकल जिस प्रकार पौराणिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर, ऐश्वर्य और रोमांच के मनगढ़न्त किस्सों के रूप में परिवर्तित कर रही हैं, कृपया वे उससे बाज आवें। साथ ही गवर्नमेण्ट से प्रार्थना की गई कि भारतीय सेंसर विभाग में कम से कम एक कट्टर सनातनी का अनिवार्य रूप में प्रवेश कराया जाए, जिससे प्रत्येक फिल्म को दर्शनीय ठहराने से पहले इस बात का ठीक निश्चय हो सके कि वह हिन्दुओं के धर्म-शास्त्रों की मिट्टी पलीद नहीं कर रही है।"

इस घटना पर सम्पादक ने टिप्पणी की : "हम इसे फिल्म संचालकों के लिए खतरे का घण्टा समझते हैं।"

राष्ट्रीय आन्दोलन में समाज-सुधार के जो प्रयास हो रहे थे, चित्रपट चाहता था कि फिल्में भी उन प्रयासों से जुड़कर राष्ट्रीय आन्दोलन का अंग बनें। उसी टिप्पणी में सम्पादक ने लिखा : "हमारी एकान्त इच्छा है कि फिल्म संचालक तुरन्त देश की अवस्था और दर्शकों की बदलती हुई मनोवृत्ति का अनुभव करें। राष्ट्रीय आन्दोलन इस समय शिथिल है। देश की स्वाभाविक गति सामाजिक सुधारों की ओर है। इस समय फिल्म संचालकों को गम्भीरतापूर्वक निकट भविष्य पर विचार करना चाहिए, और उच्च कोटि के सामाजिक फिल्मों के निर्माण में तुरन्त हाथ लगा देना चाहिए।"

29 सितम्बर के सम्पादकीय में जोर देकर कहा गया कि आज हिन्दुस्तान के फिल्म विधाता जैसी मनमानी से काम ले रहे हैं, उस पर तुरन्त भयंकर नियन्त्रण की जरूरत है। गानों की भरमार, अभिनय के दोष और कथानक की शिथिलता आदि कला सम्बन्धी त्रुटियों को छोड़ भी दिया जाए, तब भी हमारे सामने कोई ऐसी फिल्म नहीं आती, जिसे देखकर मन में धार्मिक भावनाओं का उदय हो या कर्त्तव्य, बलिदान, त्याग, सहिष्णुता या सदाचार की भावना उदय हो। खेलों में मारपीट के अस्वाभाविक सीन, मोटरों की दौड़, होटलों की बदमाशी और दुराचारियों की नजरबाजी के अलावा और कुछ देखने को नहीं मिलता। महात्मा गांधी तीन दिन में इस भयंकर घातक रोग का निवारण कर सकते हैं। पर वे अभी तक फिल्मी दुनिया के 'भयंकर सत्य' तक नहीं पहुँचे हैं। राष्ट्रीय प्रेस भी इस माहौल को बदलने में अक्षम हो रहा है क्योंकि "पूँजीपति फिल्म संचालक और फिल्म एजेण्ट्स विज्ञापन के रूप में अधिकांश अखबारों का पेट भर-कर उन्हें जर-खरीद गुलाम बना लेते हैं और उनके द्वारा गन्दी से गन्दी फिल्मों की तारीफ करा लेते हैं।"

ऐसी परिस्थितियों में भी चित्रपट अपने आन्दोलन में निराश नहीं हुआ। फरवरी, 1934 में दिल्ली में मोशन पिक्चर सोसायटी कायम हुई। दिल्ली उत्तर भारत के फिल्म वितरकों और प्रदर्शकों का मुख्य केन्द्र थी। चित्रपट के सम्पादक भी सोसायटी के सदस्य थे। 16 फरवरी के अंक में मोशन पिक्चर सोसायटी पर सम्पादकीय टिप्पणी छपी : "दिल्ली की मोशन पिक्चर सोसायटी का यह कर्त्तव्य होना चाहिए कि उत्तर भारत में प्रचारित होनेवाली फिल्मों का नैतिक नियन्त्रण अपने हाथ में ले। इस समय उत्तर प्रान्तीय भारत बम्बई के कम्पनी संचालकों की जेबें भरने का मुख्य साधन है। हमारी समझ में 'सोसायटी की दिल्ली शाखा कम-अधिक रूप में समस्त उत्तर भारत की प्रतिनिधि संस्था होने का दावा कर सकती है।" ऐसी प्रतिनिधि संस्था का कर्त्तव्य क्या होना चाहिए ? "चरित्र-नाशक,

अश्लील, पारस्परिक विद्वेषपूर्ण फिल्मों का विरोध और कलापूर्ण, उत्तम, प्रभाव-शाली फिल्मों को प्रश्रय देना सोसायटी का कर्त्तव्य होना चाहिए।"

आग्रह नैतिक था, पर तर्क पर आधारित था। तर्क यह था कि जब बम्बई में बनी हिन्दी फिल्मों का मुख्य बाजार उत्तरी भारत का हिन्दी-भाषी प्रदेश है, जहाँ के दर्शकों से फिल्म कम्पनियाँ अपनी जेबें भरती हैं, तो फिर उत्तर भारत की प्रतिनिधि संस्था को भी चाहिए कि वह हिन्दी दर्शकों के प्रति जिम्मेदारी को महसूस करे।

इसी तर्क के आधार पर चित्रपट सम्पादक ने बम्बई के फिल्म निर्माताओं को लगातार चेतावनियाँ देकर आन्दोलन खड़ा किया। लेकिन फूहड़, अश्लील और बाजारू फिल्मों की जगह कलात्मक और अच्छी फिल्में बनें कैसे ? इसका जवाब चित्रपट के पास यह था—हिन्दी फिल्मों को हिन्दी साहित्य के निकट लाना होगा। हिन्दी जनता, जिनके पैसों से बम्बइया व्यवसाय चलता है, की संस्कृति के प्रतिनिधि हिन्दी के साहित्यकार हैं। जब तक बम्बइया डायरेक्टर अपने नौकर रखे गए मुंशियों से मनमर्जी की कहानियाँ लिखवाकर फिल्में बनाते रहेंगे, तब तक हिन्दी फिल्में हिन्दी-भाषी जनता की संस्कृति, मूल्यों और यथार्थ के निकट न आयेंगी। फिल्म डायरेक्टरों को अपनी फिल्मों के लिए हिन्दी साहित्यकारों की कृतियों को चुनना होगा। सिनेमा का सम्बन्ध जनता की संस्कृति से है। इसलिए इस सवाल को सिर्फ बॉक्स आफिस का सवाल कहकर, खत्म नहीं किया जा सकता।

2 मार्च, 1934 के अंक में सम्पादक ने सिनेमा सम्बन्धी पत्रिका का महत्त्व बताने के बाद सिनेमा सम्बन्धी साहित्य तैयार करने की जरूरत पर लिखा : "यदि उच्च कोटि के साहित्य की सहायता सिनेमा व्यवसायियों तक न पहुँची तो सिनेमा मनुष्य मात्र के लिए एक महान शत्रु बन जायेगा।" इन शब्दों में जो गम्भीर चेतावनी है, उसका महत्त्व आज भी कम नहीं हुआ है। टिप्पणी में कहा गया कि सिनेमा आनेवाले समाज में हमारे निजी और सामाजिक जीवन पर व्यापक प्रभाव डालेगा, सामाजिक संस्कृति उससे प्रभावित होगी, इसलिए उसके प्रति उपेक्षा ठीक नहीं।

ऋषभचरण जैन हिन्दी फिल्मों को हिन्दी जातीय संस्कृति और जातीय साहित्य के मेल में ले आना चाहते थे। हिन्दी प्रदेश को अपना बाजार बनायेंगे, लेकिन हिन्दी के साहित्य को नहीं छुएँगे—यह विभाजन चलने नहीं दिया जा सकता। इस घातक विभाजन का चरित्र जातीय नहीं, औपनिवेशिक है। बम्बई फिल्म निर्माताओं को चेतावनियाँ देने के बाद 20 अप्रैल, 1934 के अंक में सम्पादकीय टिप्पणी छपी : बम्बई को अन्तिम चेतावनी। 27 अप्रैल के अंक में इस चेतावनी को जारी रखते हुए हिन्दी के मुकाबले बंगला फिल्मों की मिसाल

पेश की : "बम्बई की अधिकांश फिल्मों का माध्यम हिन्दी भाषा है। कलकत्ता और पूना में बंगला और मराठी की फिल्में तैयार हुई हैं। किन्तु उक्त दोनों प्रान्तीय भाषाओं की फिल्मों में तद्भाषा-भाषी प्रायः सभी उच्चकोटि के उपयुक्त ग्रन्थों पर फिल्म तैयार हो चुके हैं। जहाँ तक हमें मालूम है, बंगला में बंकिम, द्विजेन्द्रलाल, शरतचन्द्र, रवीन्द्रनाथ प्रभृति कलाकारों की उन सभी कृतियों के फिल्म तैयार हो गये हैं, जो फिल्म में अनुकूल थीं।"

इसके मुकाबले हिन्दी फिल्मों की हालत क्या थी ! "हिन्दी की अब तक की फिल्मों में एकाध हिन्दी लेखकों को छोड़कर किसी की रचनाओं पर परिश्रम नहीं किया गया। बम्बई के फिल्म निर्माताओं की यह त्रुटि घातक है।"

सम्पादक ने माना कि इस त्रुटि का एक कारण यह है कि "डायरेक्टरों और निर्माताओं को हिन्दी लेखकों का परिचय न होने" तथा "सस्ते लेखकों के अनायास उपलब्ध हो जाने" के कारण ही मुख्यतः यह अनर्थ हुआ है। इस तरह डायरेक्टरों को कुछ पुचकारते हुए उन्हें अपना कर्त्तव्य याद दिलाया गया : "अब समझ आ गया है, कि उक्त कम्पनी संचालक हिन्दी के अमर साहित्य का कुछ व्यक्तिगत ज्ञान प्राप्त करें और अपनी फिल्मों में स्थायित्व और अमरत्व लाने के लिए इन अमूल्य कथानकों पर अपना धन और श्रम व्यय करें।"

ध्यान में रखना चाहिए कि चित्रपट ने हिन्दी फिल्मों को हिन्दी साहित्य से जोड़ने का आन्दोलन उस समय शुरू किया था जब फिल्मों में भाषा के प्रयोग का चलन शुरू ही हुआ था। अभी सिर्फ छः-सात साल ही हुए थे जब विभिन्न प्रान्तीय भाषाओं में फिल्में बननी शुरू हुई थीं।

अपने आन्दोलन को व्यावहारिक दृष्टि से सफल बनाने के लिए चित्रपट ने एक महत्त्वपूर्ण सक्रिय कदम उठाया। बारह-तेरह अंक निकालने के बाद अपने आन्दोलन के सिलसिले में चित्रपट ने अपने एक प्रतिनिधि को बम्बई भेजा जिसने वहाँ कुछ कम्पनी के मालिकों से वार्तालाप करते हुए उन्हें परामर्श दिया कि "अपने फिल्मों को अधिक सर्वप्रिय बनाने के लिए उन लोगों को चाहिए कि वे उच्चकोटि के सामाजिक और ऐतिहासिक कथानक चुनें।" उन लोगों के पूछने पर "हमारे प्रतिनिधि ने उन्हें बहुत-से प्रसिद्ध हिन्दी उपन्यासों के नाम बताये।" उच्चकोटि के सामाजिक और ऐतिहासिक कथानकवाले हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यासों के नाम बताते समय इस प्रतिनिधि ने "सेवासदन, हृदय की प्यास, गढ़ कुण्डार और मानिक मन्दिर की उपयोगिता और महत्त्व पर" अधिक जोर दिया। अपनी इस पहलकदमी की सूचना देते हुए 15 सितम्बर, 1933 के अंक की सम्पादकीय टिप्पणी में बताया कि "यद्यपि अपने इस प्रयत्न में हमारे प्रतिनिधि को त्वरित सफलता नहीं मिली, किन्तु इस शर्त पर कम्पनी के कतिपय संचालकों ने हिन्दी के किसी सर्वोत्तम उपन्यास पर फिल्म बनाने की सहमति प्रकट की, कि उसका

अति उत्कृष्ट प्रतिन्यास तैयार करके भेज दिया जाए।" फिल्म के लिए कौन-सा उपन्यास 'सर्वोत्तम' होगा, जब इस पर सम्पादक ने विचार किया तो पहला नाम उनके सामने 'सेवासदन' का आया : "जिन लोगों ने 'सेवासदन' पढ़ा है, हमारे साथ ही उनका यह विचार है, कि उक्त पुस्तक सिनेमा फिल्म के लिए अत्यन्त उपयुक्त है।" अब सवाल यह था कि बम्बई के फिल्म संचालकों ने जो निमन्त्रण दिया, उसका फायदा उठाने के लिए उपन्यास का प्रतिन्यास कौन तैयार करे ? चित्रपट खुद इस काम को खुशी से करने को राजी था लेकिन "कापीराइट के झंझट के कारण इस दशा में लेखक और प्रकाशक का प्रयत्न ही अधिक उचित और कानूनी है।" अतः सम्पादकीय में प्रेमचन्द से निवेदन किया गया कि "मातृभाषा के महत्त्व-प्रतिपादन और सर्वसाधारण के उपकार के नाम पर" प्रेमचन्द जी "इधर ध्यान दें।" यह भी लिखा, "इस सम्बन्ध में हम उनकी प्रत्येक सहायता करने को तैयार हैं।"

इस सम्पादकीय टिप्पणी का शीर्षक था : " 'सेवासदन' का प्रतिन्यास।" आन्दोलन के साथ भाषा आती है, नये शब्द आते हैं।" चित्रपट ने अंग्रेजी के स्क्रिप्ट के लिए हिन्दी शब्द दिया प्रतिन्यास।

प्रेमचन्द ने 'सेवासदन' का प्रतिन्यास नहीं तैयार किया। पर, इस पृष्ठभूमि पर अगले दो महीनों के अन्दर बम्बई में फिल्म बनाने के लिए 'सेवासदन' को चुन लिया गया।

फिल्म का निर्माण

ताज्जुब की बात नहीं कि 'सेवासदन' पर फिल्म बनाने की पहली सूचना हिन्दी जगत को प्रेमचन्द से नहीं, चित्रपट से मिली। 24 नवम्बर, 1933 के चित्रपट में इसकी पहली सूचना निकली : "महालक्ष्मी सिनेटोन ने फिल्म कथानक के लिए श्री प्रेमचन्दजी के 'सेवासदन' का अधिकार ले लिया है। इस बात से जितना किसी भी चित्रपट प्रेमी को हर्ष होना चाहिए उससे कई गुने आनन्द का अनुभव हम कर रहे हैं।" कई गुणे आनन्द का वाजिब कारण था, "क्योंकि इस ओर प्रयत्न करने का जो हमने एक बीड़ा-सा उठा लिया है, उससे हम अपने को चित्रपट, चित्रपट प्रेमियों तथा उसके निर्माणकर्त्ताओं के साथ एक कदम आगे पाते हैं।

श्री महालक्ष्मी सिनेटोन ने चित्रपट के सम्पादक को सेवासदन फिल्म के बारे में पत्र लिखा। 'सेवासदन का फिल्म' सम्पादकीय टिप्पणी में 1 दिसम्बर, 1933 के अंक में इस पत्र का जिक्र हुआ : "महालक्ष्मी सिनेटोन (बम्बई) ने फिल्म कथानक के लिए जो प्रेमचन्दजी का 'सेवासदन' ले लिया है, उसी सिलसिले में 'सिनेटोन' अपने एक पत्र में हमें लिखता है : 'हमने इस विषय की शिक्षित

लोगों में दिलचस्पी पैदा करने के विचार से चुना है और आशा है, यह समाज की विविध समस्याओं के हल के लिए सर्वसाधारण का अनुकूल लोकमत तैयार कर सकेगा।" यह पत्र लिखकर कम्पनी ने चित्रपट के आन्दोलन के उद्देश्यों को अपनी मान्यता प्रदान की। पर सम्पादक ने कम्पनी को चेताया कि वह अपने सुंदर उद्देश्य के रास्ते से कहीं भटक न जाए, क्योंकि फिल्म कथानक के सम्पादन-डायरेक्शन का हमारे यहाँ जो हाल है, वह सभी को मालूम है।" कैसे अच्छे से अच्छे कथानक को तोड़-मरोड़कर लेखक की मौलिकता की हत्या कर दी जाती है इस डर को जाहिर करके निवेदन किया कि 'केवल चवन्नीवालों को ही प्रसन्न करने के लिए' ऐसा संशोधन-परिवर्द्धन न करें जिससे उसके 'सदुद्देश्य' और हमारी 'सद्भावना' को चोट पहुँचे।

सिनेटोन ने अपने पत्र में सूचना दी थी कि दिसम्बर में फिल्म के लिए अपनी सलाह देने प्रेमचन्द बम्बई आ रहे हैं। सम्पादक ने प्रेमचन्द से निवेदन किया कि "वे अपने 'सेवासदन' के प्रति कोई ऐसा जघन्य अत्याचार न होने दें, जिससे उनकी लेखनी को चूमनेवालों को दुख पहुँचे" और "कोई ऐसी बात या दृश्य पीछे से न जोड़े जायें, जिनसे कला का गला घुटता हो।

महालक्ष्मी सिनेटोन ने प्रेमचन्द से 'सेवासदन' पर फिल्म बनाने का अधिकार 750 रुपए में खरीद लिया।

कम्पनी और प्रेमचन्द के बीच फिल्म बनाने के लिए पत्राचार अक्तूबर-नवम्बर से ही हो रहा था, पर प्रेमचन्द ने इस बातचीत को गुप्त रखा और अपने निकट के दोस्तों को भी नहीं बताया। 'सेवासदन' पर फिल्म बनने की पहली सूचना उन्होंने जैनेन्द्र को 16 दिसम्बर को दी जबकि सारी बातें तय हो चुकी थीं, सूचना पहले ही चित्रपट में निकल चुकी थी और उसके बारे में खुद जैनेन्द्र ने प्रेमचन्द से पूछा था। बाद में बम्बई में फिल्म के मुहूर्त से लौटने के बाद 14 फरवरी, 1934 को उन्होंने जैनेन्द्र को फिर लिखा : "एक खुशखबरी यही है कि 'सेवासदन' का फिल्म हो रहा है। उस पर मुझे 750 रुपए मिले।" (पृ० 41, चि० प० II)

सेवासदन फिल्म का मुहूर्त 5 फरवरी, 1934 को हुआ। फिल्म में मास्टर मोदक, मिस जुबेदा और जद्दन बाई काम कर रही थीं। चित्रपट में फिल्म कम्पनियों की साप्ताहिक डायरी निकलती थी। इन डायरियों में सेवासदन के मुहूर्त के पहले और बाद में फिल्म के निर्माण-क्रम की सूचनाएँ लगातार निकलती रहीं। पहली सूचना 24 नवम्बर, 1933 को निकली :

—'सेवासदन' के गायन और प्रतिन्यास में सहायता देने के लिए श्रीयुत प्रेमचन्द आगामी दिसम्बर में स्वयं बम्बई जायेंगे। मा० मोदक को कम्पनी से घसीटने के लिए अन्य स्थानों से लम्बे-लम्बे वेतन पेश किये गए हैं।

8 सितम्बर 1933

—'सेवासदन' के शूटिंग की तैयारी आरम्भ हो गई है। इसमें मुख्य अभिनय मास्टर मोदक और मिस जुबेदा का होगा। 'सेवासदन' की एक पात्री भोली-बाई के लिए कम्पनी ने हाल ही में प्रसिद्ध गायिका मिस जद्दनबाई को रख लिया है।

12 जनवरी, 1934

—'सेवासदन' का प्रतिन्यास बिल्कुल तैयार होने के विषय में कम्पनी को पुष्टि मिल गई है। श्रीयुत प्रेमचन्द जी के मध्य दिसम्बर में बम्बई जाने की आशा थी, परन्तु कारणवश उन्हें कुछ समय के लिए अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी है। उनके आने पर 'सेवासदन' के संवाद और गायनों में उचित परिवर्तन-परिवर्द्धन होगा।

16 फरवरी, 1934

—श्री प्रेमचन्द जी यहाँ पधारकर 'सेवासदन' के सिनोप्सिस को ठीक करवा गए हैं और अब उसका कार्य भी विष्णु में शीघ्र होनेवाला है।

पिछले सप्ताह 'सेवासदन' का उद्घाटन बड़े पवित्र मुहूर्त में हुआ। श्री प्रेमचन्द जी ने चुने हुए शब्दों में अपना मन्तव्य प्रकट किया। उनका यह संक्षिप्त भाषण 'सेवासदन' फिल्म के आरम्भ में जोड़ दिया गया है।

13 मार्च, 1934

—महालक्ष्मी सिनेटोन श्रीयुत प्रेमचन्द जी का 'सेवासदन' तूफान मेल की गति से तैयार कर रही है। इसके कुछ सीन अजन्ता स्टूडियो में उतारे जाएँगे। शायद यह चित्र इस महीने के अन्त तक पूरा हो जाए।

23 मार्च, 1934

—'सेवासदन' का कार्य बड़े उत्साह से चल रहा है। उत्तर भारत में इस फिल्म के बुकिंग के लिए सिनेमा संचालक अभी से उत्सुक हैं। खबर है कि श्रीयुत नानू भाई प्रेमचन्द की सभी रचनाओं पर फिल्म तैयार करने का विचार रखते हैं।

6 अप्रैल, 1934

—श्रीयुत नानू भाई वकील 'सेवासदन' के सेटिंग्स को बहुत भव्य और आकर्षक बनाना चाहते हैं, इसलिए इण्डोर दृश्यों के लिए उन्होंने 'रणजीत' स्टूडियो में शूटिंग करने का निश्चय किया है।

11 मई, 1934

—ताजी खबर है कि मुंशी प्रेमचन्द किसी फिल्म कम्पनी के निमन्त्रण पर स्थायी रूप से बम्बई जा रहे हैं।

18 मई, 1934

—महालक्ष्मी सिनेटोन से मा० मोदक अलग होने वाले हैं। 'सेवासदन' पूरा होने को आया है।

25 मई, 1934

—**सेवासदन** फिल्म का निर्माण पूरा हो गया।

इस तरह फरवरी से मई तक, सिर्फ चार महीनों के अन्दर फिल्म का निर्माण पूरा कर लिया गया।

चित्रपट ने फिल्म के प्रचार में भी उत्साह से भाग लिया। **चित्रपट** में इस फिल्म के विज्ञापन तब से छपते आ रहे थे जब फिल्म का मुहूर्त भी नहीं हुआ था। ये विज्ञापन भी दूसरी फिल्मों के विज्ञापन से कुछ अलग ढंग के थे। **सेवासदन** का पहला विज्ञापन **चित्रपट**, जनवरी, 1934 में निकला। विज्ञापन इस तरह का था :

क्या आप जानते हैं ?

'सेवासदन'
तैयार करके
महालक्ष्मी सिनेटोन
प्रत्येक दर्शक, प्रदर्शक और भारतीय का
आशीर्वाद प्राप्त करने का हक रखती है
भला यह क्यों ?
इसलिए कि
हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है।
प्रेमचन्द हिन्दी के उपन्यास-सम्राट हैं।
'सेवासदन' प्रेमचन्द की कृति है।
'सेवासदन'
आपके लिए सर्वथा नूतन सन्देश लाया है।

इस विज्ञापन के साथ कोई फोटो न थी क्योंकि अभी तक फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं हुई थी।

अगले दो विज्ञापन फोटो सहित थे। एक में कोठे में तकिया लगाकर बैठी

सुमन (मिस जुबेदा) का फोटो और दूसरे में घोड़े पर सवार आशिक सदन (मास्टर मोदक) का चित्र था। बिना फोटो का एक विज्ञापन और निकला जिसमें 1934 की सबसे महत्त्वपूर्ण घोषणा सेवासदन फिल्म को बतलाया गया था। सभी विज्ञापनों में फिल्म कम्पनी के नाम के बराबर ही प्रेमचन्द का नाम भी छपता था।

जून, 1934 में **सेवासदन या बाजारे-हुस्न** फिल्म प्रदर्शन के लिए रिलीज हो गई।

'सेवासदन' के कलाकार

जिस जमाने में 'सेवासदन' पर फिल्म बनी, उस जमाने में भारत में फिल्म बनाने के कई केन्द्र थे। बम्बई, कलकत्ता, कोल्हापुर, पूना लाहौर और मद्रास में लगातार फिल्में बनती थीं। सिन्ध आदि अन्य प्रान्तों में भी कभी-कभी कोई फिल्म कम्पनी उठ खड़ी होती थी और फिर कुछ ही दिनों में सदा के लिए लम्बी तानकर सो जाती थी। कलकत्ता मुख्यतः बंगला फिल्मों का और पूना मराठी फिल्मों का केन्द्र था। लेकिन हिन्दी फिल्में बम्बई, कलकत्ता और पूना, तीनों केन्द्रों में बनती थीं।

उस जमाने में कोल्हापुर या पुणे के डायरेक्टरों में सबसे पहला नाम प्रभात थिएटर्स के युवा मालिक श्री शान्ताराम का था। उन दिनों शान्ताराम की दो फिल्में **माया मच्छीन्द्र** और **सैरन्ध्री** चल रही थीं। कलकत्ते के प्रसिद्ध डायरेक्टरों में बेजोड़ प्रतिभाशाली थे देवकी बोस। देवकी बोस के बाद नीतिन बोस, प्रेमांकुर, प्रफुल्ल घोष और प्रफुल्ल राय थे। देवकी बोस हिन्दी और बंगला दोनों में फिल्में बनाते थे। देवकी बोस की दो फिल्में **चण्डीदास** और **पूरण भगत** उस जमाने की अद्वितीय फिल्में थीं। उस जमाने के बम्बई के डायरेक्टरों में अगर पहला और दूसरा, दो दर्जे बनाए जाएँ तो पहले दर्जे के डायरेक्टरों में रमाशंकर चौधरी, चन्दूलाल शाह, एजरामीर और भवनानी थे। जिस समय 'सेवासदन' पर फिल्म बनी, उस समय रमाशंकर चौधरी बम्बई के सर्वश्रेष्ठ डायरेक्टर माने जाते थे। ये युक्तप्रान्त के निवासी थे और 1934 में इम्पीरियल फिल्म कम्पनी में काम करते थे। चित्रपट, 1934 के नववर्षांक में अपने लेख **भारतीय डायरेक्टरों** का कला विज्ञान में गजानन्द शर्मा ने चौधरी के बारे में लिखा, "आप जिन फिल्मों को डायरेक्ट करते हैं, उनकी कहानियाँ वीररसपूर्ण, प्रेम में सनी हुई तथा उच्च नैतिक सिद्धान्तों पर प्रकाश डालने वाली होती हैं।" माधुरी रमाशंकर चौधरी की एक ऐसी ही फिल्म थी जिसमें राजपूती वीरता, प्रेम और वीरतापूर्ण ईर्ष्या की समस्या को चित्रित किया गया था। चन्दूलाल शाह ने पहले जगदीश कम्पनी खोली थी, फिर मिस गौहर के साथ रणजीत मूवीटोन कम्पनी

खोल ली। सवाक् फिल्में बनाने में सबसे आगे चन्दूलाल शाह ने "अमेरिकन फिल्मों की फोटोग्राफी तथा कथानक सम्बन्धी विशेषताएँ अपनी तस्वीरों में लाने का प्रशंसनीय प्रयत्न किया और काफी सफलता प्राप्त की थी।" (वही)

बम्बई के दूसरे दर्जे के डायरेक्टरों में उस वक्त नन्दलाल जसवन्तलाल, जयन्त देसाई, हर्षदराय मेहता, होमी मास्टर और पेशी किरानी के नाम लिए जाते थे। इसी दर्जे के डायरेक्टर थे नानूभाई वकील जिन्होंने **सेवासदन** को डायरेक्ट किया। नानूभाई वकील पहले सागर फिल्म कम्पनी में थे। फिर मिस जुवेदा के साथ उन्होंने सागर को छोड़कर श्री महालक्ष्मी सिनेटोन की स्थापना की। इस कम्पनी के बैनर से उन्होंने दो फिल्में बनाईं—**पंजाब की पद्मिनी** और **राधा मोहन या नन्द के लाला**। दोनों ही फिल्में साधारण थीं और कोई विशेष सफलता न पा सकीं। **सेवासदन** या **बाजारे हुस्न** उनकी डायरेक्ट की हुई तीसरी फिल्म थी। नानूभाई वकील के बारे में गजानन्द ने लिखा—"आपके फिल्मों में गति कम रहती है, तथा कथानक ऐसे होते हैं जिनके आधार पर पहले कई फिल्म बन चुके होते हैं। इसी कारण से अब तक आपकी डायरेक्ट की हुई तस्वीरों को असाधारण सफलता नहीं मिली। प्रत्येक डायरेक्टर को खास बातों में अपनी विशेषता रखनी चाहिए। मिस्टर वकील की कला में अब तक कोई उल्लेख योग्य विशेषता नहीं आई।" गजानन्द ने आशा व्यक्त की, "आशा है **सेवासदन** में कोई नई बात दिखलावेंगे।"

पर नानूभाई **सेवासदन** में कोई नई बात न दिखला सके। **सेवासदन** के डायरेक्टर अपने समय के सुयोग्य डायरेक्टरों में न थे।

जिस जमाने में **सेवासदन** फिल्म बनी, उस जमाने में, यानी 1933-34 में रमाशंकर चौधरी के **सुलोचना** जिस पर हॉलीवुड के सेसिल बी० डी० मिल के **साइन ऑफ दी क्रास** का प्रभाव था, रणजीत मूवीटोन की चन्दूलाल शाह द्वारा निर्देशित **मिस 1933**, **भोला शिकार** और **विश्व मोहिनी** जैसी फिल्मों की धूम थी। उधर कलकत्ते ने हिन्दी फिल्मों की कलात्मक और सार्थकता की दृष्टि से बम्बई का सिर नीचा कर रखा था। देवकी बोस द्वारा निर्देशित हिन्दी फिल्में **राजरानी मीरा** और **पूरण भक्त** तथा अन्य हिन्दी फिल्में जैसे सुबह का सितारा, **यहूदी की लड़की** और **सीता** जैसी अत्यन्त उच्चकोटि की फिल्में चल रही थीं। इधर पूना के शान्ताराम की **सैरन्ध्री** चर्चा का विषय बनी हुई थी। इन सबके बीच नानूभाई वकील की **सेवासदन** आम फिल्म बनकर रह गई; न कला की दृष्टि से न बाक्स आफिस की दृष्टि से, उसे उल्लेखनीय माना गया।

जहाँ तक अभिनेताओं की बात है, उस जमाने में मास्टर निसार अपनी स्टण्टबाजी के लिए वैसे ही मशहूर था जैसे आजकल अमिताभ बच्चन। गम्भीर और कलापूर्ण अभिनय के लिए पृथ्वीराज कपूर ('राजरानी मीरा' में राणा कुम्भा का अभिनय), कुन्दनलाल सहगल ('चण्डीदास' के नायक), ई० बिलमोरिया ('मिस 1933') तथा डी० बिलमोरिया ('सुलोचना') का नाम फिल्म जगत में आदर के साथ लिया जाता था। इनकी तुलना में मास्टर मोदक बहुत कम उम्र का कलाकार था जिसने अपना कैरियर अभी शुरू ही किया था।

उस जमाने में भद्र घरों की महिलाएँ फिल्मों में अभिनय नहीं करती थीं। फिल्मों में अभिनय करना वेश्याओं और नर्तकियों का काम समझा जाता था। सिर्फ दो अपवाद थे। एक, बंगाल के वर्दवान की राजकुमारी जिन्हें फिल्म में काम करने में गहरी दिलचस्पी थी। दूसरी थी महाराष्ट्र की दुर्गा खोटे। दुर्गा खोटे शिक्षित मध्यवर्ग की पहली स्त्री थी जिसने शान्ताराम की **माया मच्छीन्द्र** में नायिका की भूमिका अदा की थी। दो विदेशी स्त्रियाँ भी हिन्दी फिल्मों में काम करती थीं, सुलोचना और सीता। सुलोचना तो उस समय हिन्दी में सबसे उच्च-कोटि की अभिनेत्री मानी जाती थी। उस जमाने की बाकी सभी अभिनेत्रियाँ दिल्ली, कलकत्ता और लाहौर जैसे शहरों की वेश्याएँ या गाने-नाचने वाली थीं। **सेवासदन** की हिरोइन मिस जुबेदा दिल्ली की वेश्या-पुत्री थी तो **भोलीबाई** का अभिनय करनेवाली जद्दनबाई कलकत्ते की मशहूर नायिका थी। अक्सर कई बाइयाँ फिल्मों में लगातार काम न करती थीं। किसी जरूरत पर उन्हें रख लिया जाता था। जद्दनबाई को इसी तरह रख लिया गया था। उन दिनों पार्श्व गायन का चलन न था। जो अभिनय करता था, उसी को गाना भी पड़ता था। **सेवासदन** में मुजरा करनेवाली भोलीबाई के गायिका होने के कारण ही जद्दनबाई को इस भूमिका के लिए रख लिया गया था। जद्दनबाई खुद हिरोइन न थी, पर आनेवाले दिनों में उसकी बेटी नर्गिस हिन्दी फिल्मों की मशहूर हिरोइन बनी। हिन्दी फिल्मों में अपने भावपूर्ण अभिनय के लिए उन दिनों ऊमाशशि का बहुत नाम था जो हिन्दी के अलावा बंगला फिल्मों में भी काम करती थी। न्यू थिएटर्स की **पूरण भक्त**, **चण्डीदास** आदि फिल्मों में ऊमाशशि ने सराहनीय अभिनय किया था। बम्बई की प्रसिद्ध अभिनेत्री मिस बिब्बो भी दिल्ली की एक गायिका थी जिसने **वासवदत्ता**, मायाजाल और रंगीला राजपूत में प्रभावशाली अभिनय किया था। लेकिन उस वक्त बम्बई की सबसे प्रसिद्ध और महत्त्वपूर्ण अभिनेत्रियाँ मिस गौहर और सुलोचना थीं। ये बड़े नाम थे। इनके मुकाबले मिस जुवेदा एक नया नाम था। जुवेदा ने नानूभाई वकील के साथ मिलकर फिल्मों में काम करना शुरू किया था। जुवेदा की उम्र भी कम थी। फिर भी वह एक उभरती हुई और लगातार प्रशंसा पा रही हिरोइन थी। **सेवासदन** फिल्म में वही एक कलाकार है जिसके अभिनय की तारीफ सबने की, गोकि वह अभिनय बहुत असाधारण नहीं बताया गया। उन दिनों पत्र-पत्रिकाओं में जुवेदा के अभिनय से ज्यादा उसके शारीरिक सौन्दर्य और चुलबुलेपन की प्रशंसा मिलती है। चित्रपट के 1934 के नववर्षांक में दीनानाथ

विशारद ने अपने लेख में जुवेदा को 'भारतीय चित्रपटों की रानी' बताया। लेकिन कारण इसके यह बताये : "ज्यों-ज्यों जुवेदा बड़ी हो रही है त्यों-त्यों उसकी कला उसके चुलबुले सौन्दर्य से बाहर फूट रही है।···गौहर के रोने तथा गाने में एक प्रकार की चीख तथा अस्वाभाविकता आ जाती है। सुलोचना का रोना तो मुझे पसन्द नहीं, गाना वह जानती ही नहीं। जुवेदा के रोने में आकर्षण तथा बनावटीपन कभी नहीं झलकता। गाने की तो वह रानी है।···जुवेदा की सूरत बहुत भोली है। गौहर काफी मोटी हो गई है, जुवेदा का वदन भरा हुआ और आकर्षक है।"

सेवासदन में इन्हीं कलाकारों ने काम किया। बम्बई में प्रेमचन्द इनसे मिले थे। इनको काम करते देखा होगा। इन सबके प्रति प्रेमचन्द की धारणा क्या थी ?

प्रेमचन्द विशेषज्ञ गोयनका ने अपने प्रेमचन्द विश्वकोश में प्रेमचन्द के जीवन की डायरी लिखी है। पर उससे अपनी फिल्म के कलाकारों के प्रति प्रेमचन्द की धारणा का कोई पता नहीं चलता।

मार्च, 1934 में दिल्ली में हिन्दी साहित्य सम्मेलन हुआ। शायद जैनेन्द्र उस सम्मेलन के संयोजक थे। सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेमचन्द भी दिल्ली आए। एक बड़े-से हॉल में कई चारपाइयाँ बिछाई गईं जिन पर प्रेमचन्द, हरिऔध तथा दूसरे साहित्यकारों ने अपना आसन जमाया। प्रेमचन्द ने वहाँ पूड़ियाँ खूब खायीं। अभी डेढ़ महीना ही बीता था, उन्हें सेवासदन मुहूर्त में गये हुए। सम्मेलन के वक्त बम्बई में फिल्म की शूटिंग तेज रफ्तार से चल रही थी। सम्मेलन में दूसरे दिन ऋषभचरण जैन ने प्रेमचन्द से पूछा—सेवासदन की कोई खबर मिली ? कहने लगे—कैसी खबर ? ऋषभ बोले—अरे बाबा, वहाँ शूटिंग समाप्ति पर आ पहुँचा, डिस्ट्रीब्यूटर लोग खरीदने का मोल-तोल कर रहे हैं—आप क्या अभी अँधेरे में हैं ? बोले—खुदा की बातें खुदा ही जाने। हमारे पास तो कोई चिट्ठी तक नहीं आई।

अगले दिन प्रेमचन्द ने ऋषभचरण के घर पर शाम का भोजन करना था। लेकिन सुबह ही दुलारेलाल भार्गव और चतुरसेन शास्त्री के साथ आकर ऋषभ-चरण जैन उन्हें घसीटकर फोटो खिचाने के लिए फोटोग्राफर के पास ले गए। लौटते हुए रास्ते में ऋषभ ने उनसे फिर पूछा—नानूभाई वकील कैसा आदमी है ? उत्तर मिला—समझदार डायरेक्टर है। पूछा—जुवेदा के विषय में क्या इम्प्रेशन है ? कहने लगे—जुवेदा एक खूबसूरत लड़की है। साथियों में से एक ने पूछा—लड़की ? कहने लगे—अभी लड़की ही तो है। पुनः प्रश्न किया—मोदक कैसे पसन्द आये ? जवाब दिया—मोदक एक भावुक बच्चा है, और अच्छा एक्टिंग करता है।

बातचीत का यह विवरण ऋषभचरण जैन ने चित्रपट के एक अप्रैल, 1934 के अंक में दिया, हिन्दी साहित्य सम्मेलन की रिपोर्ट के साथ।

इस बातचीत में प्रेमचन्द ने सेवासदन के कलाकारों पर कोई नकारात्मक टिप्पणी नहीं की। पर, बातचीत के रंग-ढंग से लगता है कि प्रेमचन्द हल्के मूड में जवाब दे रहे थे। मानो वे सवालों के ब्योरे में नहीं जाना चाहते। प्रेमचन्द की बातचीत से ऐसा नहीं लगता कि वे अपने फिल्म के डायरेक्टर या कलाकारों से बहुत प्रभावित हुए हों।

प्रतिक्रियाएँ

लोगों को सेवासदन कैसी लगी ?

इलाहाबाद से निकलनेवाले मदनमोहन मालवीय के साप्ताहिक अखबार अभ्युदय में सेवासदन फिल्म की लम्बी-चौड़ी समालोचना छपी और उस पर बहस चली। आम तौर पर अभ्युदय में फिल्मों की समालोचना न छपती थी। वह राष्ट्रीय आन्दोलन में मॉडरेटों का राजनीतिक अखबार था। ऐसे अखबार में फिल्म की विस्तृत समालोचना का निकलना प्रेमचन्द के नाम के प्रभाव को दिखाता है।

अभ्युदय वाली समालोचना देवशरण 'कंज' ने लिखी थी। समालोचना के साथ 'कंज' की फोटो भी छपी, जिसे देखने से 'कंज' कोई स्थानीय कांग्रेसी लगते हैं। 'कंज' ने समालोचना में शुरू में जो बातें लिखीं, उनसे चित्रपट के चलाये हुए आन्दोलन को मान्यता मिलती है। 'कंज' ने लिखा—"भारत में जब से टॉकी युग आया, यहाँ पर अनेक फिल्म कम्पनियाँ बरसाती मेढ़कों की तरह पैदा हो गई हैं, जिनका सर्वप्रथम आर्थिक दृष्टि से सफल होनेवाले अश्लील तथा नगण्य चित्रपट तैयार करना तथा भारतीय गरीब जनता के जेबों से जबरिया पैसा खींच लेना उद्देश्य-सा हो गया है।" आगे लिखा कि "इधर वर्षों से यह आन्दोलन हिन्दी पत्रों में चल रहा था कि फिल्म कम्पनियाँ हिन्दी भाषा-भाषी जनता के साथ घोर अन्याय कर रही हैं। जबकि इनके लागत का पूरा रुपया केवल उत्तरी भारत से ही वसूल हो जाता है, ऐसी दशा में इनका हिन्दी के कहानी लेखकों से कथानक न लिखवाकर किसी ऐरे-गैरे से कम खर्च में कथानक लेकर काम चलाना सरासर ज्यादती है। इसी आन्दोलन के फलस्वरूप बम्बई से श्री प्रेमचन्दजी बुलाहट आई और आपके प्रसिद्ध उपन्यास 'सेवासदन' का सार लेकर सेवासदन उर्फ बाजारे-हुस्न नामक चित्रपट तैयार हुआ।"

इतनी भूमिका के बाद 'कंज' ने सवाल रखा—"अब देखना यह है कि श्री महालक्ष्मी सिनेटोन इस चित्रपट को तैयार करने में कहाँ तक सफल हुई है।"

'कंज' की दृष्टि में सिनेटोन इसमें बुरी तरह असफल रहा। प्रेमचन्द ने

उपन्यास यह लक्ष्य रखकर लिखा था कि "दहेज प्रथा की कुरीतियाँ तथा कुसंगत का दोष तथा सत्संग का अच्छा फल दिखाया जाये।" इसके अलावा, "'सेवासदन' में जो ग्राम्य जीवन की झाँकी है, वह अद्वितीय है।"

इसके उलटे, महालक्ष्मी सिनेटोन का लक्ष्य यह रहा कि "'सेवासदन' तथा श्री प्रेमचन्दजी के नाम से नाजायज फायदा उठाकर भारतीय जनता से पैसे वसूल किए जायें।" 'कंज' ने फिल्म के कुछ अंशों में जुवेदा के अभिनय की तारीफ की जिससे लगता है कि फिल्म के ये दृश्य प्रभावशाली बने थे : "जिस समय वह अपनी गरीबी की दशा में भोलीबाई के यहाँ तबले की ठनक सुनती है और यारों का जमघट देखती है, उस समय उसके हृदय में जो भाव है, वे जुवेदा के चेहरे पर प्रदर्शित होते हैं।" 'कंज' ने सुमन की जगह कुसुम लिखा है : "वकील साहब के यहाँ होली के अवसर पर जब कुसुम जाती है, और वहाँ पर भोलीबाई के मुजरे में अनेक प्रतिष्ठित लोगों को बैठे देखती है, तथा सब प्रतिष्ठित लोग भोलीबाई के गुण नहीं, बल्कि रूप पर मोहित होते हैं, उस समय कुसुम की भोलीबाई से तुलना करना दर्शनीय है।" इन पंक्तियों में इन दृश्यों की तथा जुवेदा के अभिनय की तारीफ है। पर मिस जद्दन ?"जद्दनबाई का काम इस चित्रपट में यह है कि कोई सुने चाहे न सुने, उन्हें अपनी तान सुनाना।" इससे लगता है कि डायरेक्टर ने भोलीबाई के चरित्र को फिल्म में गाने ठूँसने के अच्छे बहाने के तौर पर लिया था। सदन का अभिनय करनेवाले मास्टर मोदक की 'कंज' ने सबसे ज्यादा आलोचना की। पर आलोचना में दिया गया तर्क कुछ विचित्र-सा है। 'कंज ने मोदक की एक पुरानी सफल फिल्म को याद किया जिसमें उसने कृष्ण कन्हैया का पार्ट अदा किया था, फिर उस छवि के मुकाबले में सेवासदन में उसके रोल की आलोचना की : "जिस समय वह घोड़े पर चढ़कर कुसुम के कोठे के नीचे विचित्र भावभंगी से अश्लील गजल गाते हैं, उस समय डायरेक्टर तथा मोदक की बुद्धि पर दर्शकों को अत्यन्त दया आती है। मोदक दर्शकों के सामने एक बालनट के रूप में आए थे और पहिले ही मर्तवा इतनी सफलता प्राप्त की थी कि लोगों ने उन्हें मोदक से मास्टर मोदक बना दिया। वही मोदक हमारे सामने एक विलासी के रूप में आते हैं और इश्क आमेज गजलें गाते हैं। उसे देखकर विचारवान दर्शकों का हृदय रोने लगता है।"

इसी तरह 'कंज' ने वेश्यावृत्ति से सम्बन्धित कोठे के दृश्यों को ज्यादा दिखाने की भी आलोचना की : "चित्रपट में आरम्भ से अन्त तक वेश्याबाजी भरी है।··· डायरेक्टर शुरू से तो वेश्या का प्रलोभन और वेश्याओं के रूप के आकर्षण से जनता की आँखें चकाचौंध करते आ रहे हैं, और अन्त में आधी रील में वेश्या-बाजी का दुखद परिणाम दिखलाकर सुधारक बनने का दम भरने लगते हैं।" इसी वेश्याबाजी के कारण 'कंज' ने फिल्म के नाम पर भी व्यंग्यपूर्ण टिप्पणी की :

"इस चित्रपट का नाम 'सेवासदन' रखना ही सेवासदन के साथ अन्याय करना है। इसका तो डायरेक्टर ने बहुत सोच-समझकर 'बाजारे हुस्न' नाम रखा है। यही उचित भी जान पड़ता है।" 'कंज' ने साफ शब्दों में फिल्म को निराशाजनक बताया : "इसे देखकर हमें बड़ी निराशा हुई।" इसके लिए प्रेमचन्द को एक किनारे करते हुए डायरेक्टर की आलोचना की : "मालूम पड़ता है कि श्री प्रेमचन्दजी बम्बई में मौजूद जरूर रहे हैं, परन्तु डायरेक्टर के आगे उनकी चलने नहीं पाई। इसी से इसमें ग्राम्य जीवन का एक दृश्य भी नहीं दिखलाई पड़ा।"

'कंज' ने फिल्म की रेकार्डिंग 'अत्यन्त खराब' बताई; गानों के भरमार की शिकायत की और फोटोग्राफी को साधारण ठहराया। लेकिन फिल्म के अन्तिम दृश्य में जुवेदा के नाच को सराहा : "अन्त में जुवेदा का नाच इस फिल्म की एक खास विशेषता है।" पर यह भी जोड़ दिया, "जिन लोगों ने मीराबाई में जुवेदा का नाच देखा है, उनकी दृष्टि में यह जँचेगा या नहीं, यह विचारणीय विषय है।"

अभ्युदय के 19 नवम्बर के अंक में दो ठाकुरों—सीताराम सिंह और बटुक दयाल सिंह—ने 'कंज' की समालोचना से अपनी असहमति जतायी। इससे दूसरा पक्ष सामने आया। इन्होंने लिखा कि 'कंज' को फिल्म में सिर्फ बुराइयाँ ही नजर आयीं। फिल्म में ग्राम्य जीवन की झलक नहीं दिखायी गई क्योंकि उसकी जरूरत नहीं थी। "एक दरोगा की लड़की कितने नाजों से पाली गयी थी, गाँव में इसे सब जानते हैं।" लेकिन, "जब उसका ब्याह 15 रुपये मासिक वेतन वाले से होता है, तो नतीजा क्या निकलता है, यह दिखलाना ही 'सेवासदन' का उद्देश्य है।" ठाकुरों ने 'कंज' की इस आलोचना को भी खारिज कर दिया कि डायरेक्टर का उद्देश्य सिर्फ पैसा कमाने के लिए प्रेमचन्द के नाम का इस्तेमाल करना था। "इसमें सामाजिक कुरीतियों को दिखलाकर उसका निवारण कैसे हो, बताया गया है। अतः यह सिर्फ पैसा कमाने के उद्देश्य से नहीं बना है।"

ठाकुरों ने लिखा कि 'कंज' ने मास्टर मोदक के साथ इंसाफ नहीं किया। "मास्टर मोदक वास्तव में सच्चे सदन दीख पड़ते थे। उनके एक-एक लोम से सदन की भव्य मूर्ति टपक रही थी।" ठाकुरों ने एकदम राजपूती दृष्टिकोण से तारीफ करते हुए लिखा कि मोदक को सदन के रूप में एक आशिक की भूमिका निभानी थी और इस काम में वे पूरे सफल रहे : "घोड़े पर चढ़े जब सुमन के दरवाजे पर आते हैं तब उनकी भावभंगी देखिए। कैसा गजब आशिकों का चित्र सामने लाकर खड़ा कर देते हैं।" 'कंज' जी आशिक दिल को पहचानने में भूल कर गये। जो व्यक्ति घर में पड़ी सूनी वस्तु को घात लगते ही उठा ले जाता है, सारी जनता के सामने दालमण्डी में नजारे मारता है, उससे दूसरी आशा ही क्या की जा सकती है। क्या उससे लोकलज्जा की आशा की जा सकती है ? नहीं, तो अगर मोदक को सुमन के कोठे के नीचे यह गजल 'आँखों से आँख लगी, दिल से

तबीयत न लगी' गाना पड़े तो कौन वेजा हुआ ?"

जुबेदा के जिस अन्तिम नाच को 'कंज' ने सराहा, सुमन के चरित्र-परिवर्तन के सन्दर्भ में देखते हुए ठाकुरों ने उसे फिल्म की सफलता में बाधक ठहराया। "हम लोगों के विचार से मिस जुबेदा का अन्तिम नाच इस चित्रपट के मुख्य उद्देश्य की पूर्ति में बाधक होता है। 'सेवासदन' का अन्तिम उद्देश्य इससे विफल हो जाता है। जिस सुमन का पतन वेश्याओं के समागम से हुआ था, और जिसका उद्धार वेश्यावृत्ति से निकालकर किया गया था, उसी सुमन का माननीय उपस्थित महाशयों के सामने वेश्या-भेष में नृत्य कराया जाये ? यही औचित्य का ध्यान रखा गया ?"

वेश्या-भेष में सुमन का यह नाच फिल्म के अन्तिम दृश्य में था जब वह 'सेवासदन' संस्था का संचालन कर रही थी। इस संस्था द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शहर के गण्यमान्य लोग आते हैं। वहाँ बच्चों के तरह-तरह के खेल और गाने होते हैं और अन्त में सुमन का वह नाच होता है जिसका जिक्र 'कंज' ठाकुरों ने किया। ठाकुरों ने सुझाव दिया कि बच्चों के कार्यक्रम के साथ ही फिल्म समाप्त हो जानी चाहिए थी।

ठाकुरों को लगा था कि 'कंज' ने फिल्म की खराबी के लिए शायद प्रेमचन्द को दोष दिया है। अतः उन्होंने अन्त में यह लिखना जरूरी समझा कि "कंज जी को श्री माननीय प्रेमचन्दजी के आत्मसम्मान के विषय में शंका नहीं होनी चाहिए। श्री प्रेमचन्द जी रुपए के लिए अपनी प्रतिष्ठा नहीं बेच सकते। जो कुछ कमी रह गई है, वह नवागन्तुक होने के कारण।" यानी प्रेमचन्द फिल्म लाइन में नौसिखिये थे, इसलिए वे फिल्म की कमजोरियों को भाँप नहीं पाए होंगे।

अगले अंक में कंज ने फिर ठाकुरों को जवाब दिया। 'कंज' ने ठाकुरों की आलोचना के मुख्य मुद्दों को नोट करने के बाद लिखा कि मेरी समालोचना के बाद हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं में सेवासदन फिल्म के बारे में काफी चर्चा चली। ठाकुरों का यह कहना सही नहीं है कि महालक्ष्मी सिनेटोन ने सेवासदन को पैसे कमाने के उद्देश्य से नहीं बनाया। सेवासदन को डायरेक्टर महोदय ने जिस रूप में चित्रपट पर अंकित किया है, उसे देखकर हम ही नहीं, किन्तु सारी जनता एक स्वर से यही कह रही है कि कम्पनी वालों ने सेवासदन के अच्छे-अच्छे दृश्यों को निकालकर सिर्फ बुराई की ही बातें दिखायी हैं जो कि जनता को पतन की ओर खींचने वाली हैं। क्या आप सच्चे हृदय से कह सकते हैं कि इस फिल्म को कोई सम्भ्रान्त दर्शक अपनी बहू-बेटियों को दिखला सकता है ?" 'सेवासदन' उपन्यास बहुत अच्छा है, लेकिन उसे जिस रूप में महालक्ष्मी सिनेटोन ने चित्रपट पर अंकित किया, उसकी निन्दा सभी विचारवान व्यक्ति कर रहे हैं। आपका यह कहना है कि प्रेमचन्दजी फिल्म सम्बन्धी कार्य में अभी बच्चे हैं। यह उनका प्रथम प्रयास है।

त्रुटि होना सम्भव है। हमारा तो श्री प्रेमचन्द जी के बजाय जो कुछ कहना था महालक्ष्मी सिनेटोन से था। इसमें जो कुछ दोष है, वह श्री प्रेमचन्दजी का नहीं, बल्कि डायरेक्टर का है।

अन्त में 'कंज' ने एक महत्त्वपूर्ण बात कही : "हमारी समझ में श्री प्रेमचन्दजी ने श्री महालक्ष्मी सिनेटोन को 'सेवासदन' का अधिकार देते हुए देश,काल,पात्र को ध्यान में नहीं रखा। इसी से 'सेवासदन' फेल हुआ। हमारी समझ में इसके लिए क्षेत्र बम्बई नहीं, कलकत्ता या पूना था। उचित कम्पनी श्री महालक्ष्मी सिनेटोन नहीं, न्यू थियेटर्स या प्रभात थी। यदि इन कम्पनियों में तथा श्री देवकी बोस या श्री शान्ताराम के सहयोग से तैयार होता तो सेवासदन 'बाजारे हुस्न' न होकर 'सेवासदन' होता।"

इन प्रतिक्रियाओं से जाहिर है कि सेवासदन का निर्माण जिन लोगों के द्वारा हुआ, वे अपने समय के बहुत योग्य व्यक्ति न थे। निर्देशक के 'समझदार' होने के बावजूद उसमें सृजनात्मक कल्पना न थी। प्रेमचन्द ने फिल्म का स्क्रिप्ट और संवाद देखे, इसके बावजूद उपन्यास की आत्मा के साथ फिल्म में न्याय न हो सका। फिल्म खुलेआम अश्लील न थी; बुरी भी न थी। पर उसमें समस्या को तीखे या प्रखर ढंग से नहीं रखा गया। वास्तविक समस्या के नाच-गाने, आशिकी और कोठों की रंगीनी इस तरह मिलाकर पेश की गयी थी कि फिल्म में कुछ साफ उभरकर न आ सका। फिल्म साधारण तौर पर सफल रही, पर उसमें कोई खास बात न थी।

प्रेमचन्द को अपने उपन्यास पर बनी फिल्म कैसी लगी ?

प्रेमचन्द ने 1934 के जून महीने में यह फिल्म बम्बई में देखी। इन दिनों वे बम्बई की फिल्मी दुनिया में आ गए थे और अजन्ता सिनेटोन में नौकरी कर रहे थे। फिल्म को देखने के बाद प्रेमचन्द ने 28 जून को बनारस में अपने बेटे श्रीपत को खत में लिखा—"सेवासदन देखी, अच्छी परन्तु सन्तोषप्रद नहीं।" (पृ० 178, प्रेमचन्द विश्वकोश 1)

"अच्छी परन्तु सन्तोषप्रद नहीं"—एक पंक्ति में प्रेमचन्द ने अपनी राय जाहिर कर दी। इन शब्दों में फिल्म के प्रति प्रेमचन्द का असन्तोष झलकता है।

इस असन्तोषप्रद स्थिति के लिए क्या प्रेमचन्द भी जिम्मेदार थे ?

अपने उपन्यास पर बन रही फिल्म में प्रेमचन्द की दिलचस्पी गहरी न थी। यह उस बातचीत से जाहिर है जो दिल्ली में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के मौके पर उनके और ऋषभचरण जैन के बीच हुई। जब ऋषभ ने सेवासदन का निर्माण पूरा होने के बारे में पूछा तो प्रेमचन्द ने जवाब दिया था—"खुदा की की बातें खुदा ही जाने।" फिल्म के मुहूर्त पर प्रेमचन्द मौजूद थे। फिल्म उनके उपन्यास पर बन रही थी। उसकी शूटिंग खत्म होने को आई थी। डिस्ट्रीब्यूटर खरीदने के

लिए मोल-तोल में लगे हुए थे। इन सब बातों से प्रेमचन्द को कोई मतलब न था क्योंकि ये सब खुदा की बातें थीं ! बात सिर्फ इतनी न थी कि प्रेमचन्द को अपनी फिल्म की शूटिंग की समाप्ति की खबर न थी। जो लगाव प्रेमचन्द को अपने उपन्यास से था, उसका सौवाँ हिस्सा भी अपने उपन्यास पर बन रही फिल्म से न था। उपन्यास हो या फिल्म, दोनों की अन्तर्वस्तु में एक सामाजिक यथार्थ था जो प्रेमचन्द की बेचैनी का केन्द्र था— जिसे प्रेमचन्द ने इतनी तल्लीनता से अपने उपन्यास में उतारा था। वही यथार्थ अब फिल्म की शक्ल में ढाला जा रहा था। उसके साथ प्रेमचन्द का नाम जुड़ा हुआ था। ऐसी हालत में बन रही फिल्म में जो दिलचस्पी होनी चाहिए; यथार्थ को किस तरह, किस शक्ल में ढाला जा रहा है, उसके नीचे मूल समस्या दब तो नहीं जा रही, इस बारे में जो बेचैनी दिखानी चाहिए और अपने नाम और उपन्यास के साथ जुड़ी होने के कारण फिल्म के निर्माण के बारे में लगातार जानकारी पाने की जो स्वाभाविक इच्छा या उत्कण्ठा रहनी चाहिए—प्रेमचन्द में वह नहीं दिखाई देती। इसका क्या कारण था ?

हमें नहीं मालूम कि सेवासदन का स्क्रिप्ट और संवाद देखने के बाद, प्रेमचन्द के पीछे, उसमें कुछ जोड़-घटाव या हेर-फेर हुआ या नहीं। लेकिन प्रेमचन्द ने स्क्रिप्ट और संवादों को संशोधन-परिवर्द्धन करने और अपनी तसल्ली कर लेने के उद्देश्य से ही देख लिया था। बाद में अगर फिल्म असन्तोषप्रद रह गई तो उसके बीज उस स्क्रिप्ट में भी मौजूद रहने चाहिए जिस पर प्रेमचन्द ने अपनी सहमति दी थी। प्रेमचन्द ने ऐसी स्क्रिप्ट, गायन और संवादों पर अपनी सहमति क्यों दी जिस पर बनी फिल्म असन्तोषप्रद निकली ?

लगता है, 'सेवासदन' पर फिल्म बनने के पूरे व्यापार में प्रेमचन्द एक कमजोर स्थिति में रहे। क्या कमजोरी थी यह ? आर्थिक मजबूरी। यहाँ उन हालातों का जिक्र नहीं करेंगे जिनमें प्रेमचन्द 'सेवासदन' का अधिकार सिनेटोन को देते समय थे। इनका जिक्र आगे आएगा। उनका निचोड़ यही था कि प्रेमचन्द कर्जे में फँसे हुए थे, उनका प्रकाशन व्यवसाय बोझ बन चुका था, हाथ बिल्कुल तंग थे और जरूरतें कई थीं। सब मिलाकर वे आर्थिक मजबूरियों में जी रहे थे। इन मजबूरियों का साया उस वक्त उन्हें घेरे हुआ था जब वे 'सेवासदन' पर फिल्म बनाने का अधिकार महालक्ष्मी सिनेटोन को देने की बात चला रहे थे। प्रेमचन्द ने जैनेन्द्र को लिखा था : "उन्होंने मुझे सात सौ पचास आफर भी किया था। मैंने सात सौ पचास ही बहुत समझा।" (पृ० 40, चिट्ठी-पत्री II) अगर कोई और वक्त होता तो शायद वे सात सौ पचास ही बहुत न समझते, वे कुछ मोल-तोल करते जैसा कि अपनी कहानियाँ छापने वाले संपादकों से कर लिया करते थे। 'सेवासदन' पर फिल्म का सौदा आर्थिक संकटों से घिरे एक

मजबूर लेखक और सम्पन्न कम्पनी के बीच हो रहा था। फिल्म के मुहूर्त से लौट कर 16 फरवरी को उन्होंने जैनेन्द्र को जो पत्र लिखा, उसमें यह बात खुलकर आई, "....मुझे 750 रुपये मिले। अगर इस तंगी में यह रुपये न मिल जाते तो न जाने क्या दशा होती, ईश्वर ही जाने !" प्रेमचन्द ने अपनी मजबूरियों को कभी भी छुपा कर नहीं रखा। जो बात छुपाई, वह यही थी कि मजबूरियों से घिरी कमजोर जमीन पर खड़े होकर वे अपनी रचना के साथ फिल्म में न्याय करने की लड़ाई नहीं लड़ सकते थे। चित्रपट के सम्पादक और प्रेमचन्द के प्रशंसक-पाठक जो यह समझते रहे, अपीलें करते रहे और आपस में बहस करते रहे कि प्रेमचन्द अपनी कृति के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, एक विडम्बना ही थी। इस सत्य को प्रेमचन्द हिन्दी साहित्य जगत में छुपाने में एक हद तक सफल रहे। वे अपनी रचना को फिल्म में विकृत होने से बचाने का सामर्थ्य नहीं रखते—इस सत्य को, अपने आदर्शवाद के मुकाबले अपनी इस दयनीय स्थिति को—बम्बई में अपने प्रशंसक-पाठक डॉ० धनीराम के आगे उन्होंने कबूल कर लिया। जब वे फिल्म के मुहूर्त पर बम्बई गए, वहाँ डॉ० धनीराम ने उन्हें आगाह किया था—"आप इस सिनेटोन कम्पनी को अपने सबसे अधिक लोकप्रिय उपन्यास का अधिकार न दें, क्योंकि मैं नानूभाई वकील आदि को अच्छी तरह जानता हूँ। ये लोग आपकी कृति का सत्यानास कर डालेंगे।" धनीराम उस समय खुद भी फिल्मी दुनिया में ही थे। फिल्मों में कहानी और संवाद लिखते थे, चित्रपट में उनके लेख छपा करते थे। इसलिए धनीराम ने जो कुछ कहा, उसे हँसकर उड़ाया नहीं जा सकता था। कड़वी सच्चाई को गले उतारकर प्रेमचन्द ने विवशता और दुख के साथ इतना-भर कहा : "भाई, तुम आर्थिक परिस्थितियों के थपेड़ों से वाकिफ हो।" (पृ० 169, प्रेमचन्द विश्व कोश।)

मजबूरियों ने उस वक्त प्रेमचन्द को व्यावहारिक बना दिया। रुपयों की सख्त जरूरत थी। आदर्शों को लेकर फिल्म कम्पनी से लड़ने का अर्थ होता रुपयों से हाथ धोने का रिस्क लेना। 16 दिसम्बर वाले खत में जैनेन्द्र को लिखा था : "कोई Risky काम करते और भी हिचकता हूँ।" इस स्थिति में प्रेमचन्द के अन्दर अपनी रचना पर बन रही फिल्म के प्रति गहरी दिलचस्पी, लगाव और उत्कण्ठा का खत्म हो जाना स्वाभाविक परिणाम था। अपने ही श्रम के परिणाम से उदासीन और अनजान। "खुदा की बातें खुदा ही जाने !" यह नैतिक हीनता का भाव न था। यह उससे मिलती-जुलती हालत थी जिसे मार्क्स ने एलियनेशन ऑफ लेबर कहा था।

फिल्म जगत और प्रेमचन्द

प्रेमचन्द हिन्दी में राष्ट्रीय आन्दोलन के दौर के सर्वश्रेष्ठ लेखक थे। फिल्म

जगत के साथ उनकी टकराहट औपनिवेशिक संस्कृति में पल रहे पूंजीवादी व्यवसाय के साथ राष्ट्रीय आन्दोलन की ही टकराहट थी। लेकिन, राष्ट्रीय आन्दोलन का यह पक्ष कितना कमजोर था; इस टकराहट में हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ लेखक भी कितनी कमजोर जमीन पर खड़ा था, इसे देखना हिन्दी की जातीय परम्परा की एक दुखती हुई नस को टटोलना है।

प्रेमचन्द 1934 में बम्बई फिल्म व्यवसाय में गए।

वह परिस्थितियाँ बहुत पहले से बन रही थीं जिन्होंने उनको फिल्म लाइन में धकेला। उन परिस्थितियों की झलक जैनेन्द्र को लिखे उनके पत्रों में मिलती है। सेवासदन बनने के पौने दो साल पहले, 15 अगस्त, 1932 को उन्होंने जैनेन्द्र को लिखा : "धन का अभाव है। हंस में कई हजार घाटा उठा चुका हूँ। लेकिन साप्ताहिक के प्रलोभन को रोक नहीं सका।...इसमें भी हजारों का घाटा ही होगा।" (चिट्ठी-पत्री ।।)

हंस पत्रिका निकालकर वे हजारों रुपये का घाटा उठा रहे थे। फिर भी, राष्ट्रीय आन्दोलन के राजनीतिक संघर्ष के लिए एक नया साप्ताहिक पत्र जागरण निकालने की इच्छा को वे दबा न पाए। इधर हंस में छपी एक रचना के लिए अँगरेजी सरकार ने ५त्र पर जमानत माँगी। जमानत देने के लिए पास में रुपये न थे : "मेरे पास न रुपये हैं, न प्रामेसरी नोट, न सिक्योरिटी।" (पृ० 26, वही) इस खस्ता हालत में उन्होंने देखा कि सुदर्शन फिल्म लाइन में जा रहे हैं। जैनेन्द्र को इत्तला की, "सुदर्शनजी एक फिल्म कम्पनी में छः सौ पर नौकर हो गए।" (पृ० 29, वही) विश्वव्यापी मन्दी में अपने प्रेस के मजदूरों को मजदूरी देने के लिए पास में पैसे न थे। हंस में छपी रचनाओं पर जैनेन्द्र को पारिश्रमिक नहीं भेज पा रहे थे। दो बार लिखा, भेजूंगा। नहीं भेज सके। पत्रिका के लिए जो कागज खरीदा था, उसके कई सौ रुपये चुकाने बाकी थे। अपनी इस असफलता के मुकाबले ऋषभचरण के प्रकाशन व्यवसाय की सफलता को ईर्ष्या की नजर से देखा, जो साप्ताहिक अखबार जागरण राष्ट्रीय आन्दोलन के उद्देश्य से निकाला था, उसे लगातार आर्थिक दिक्कतों से हारकर अब बन्द करने की सोचने लगे। जनवरी, 1934 तक देख लेना तय किया। अपने साहित्यिक संघर्ष में पराजय से भरकर जैनेन्द्र को लिखा : "मैं तुमसे सच कहता हूँ, प्रेस और पत्रों पर मैं मरा जा रहा हूँ। कुछ लेखों से, कुछ रायल्टियों से, कुछ उर्दू पुस्तकों से अपनी गुजर कर रहा हूँ। लेकिन बहुत देख चुका हूँ, अब यह तमाम बन्द करूँगा।" (वही)

इन्हीं दिनों नानूभाई वकील ने उनसे 'सेवासदन' का अधिकार खरीदने की बात चलाई।

प्रेमचन्द ने हंस के दो महत्त्वपूर्ण विशेषांक निकाले जो आज भी हिन्दी साहित्य की धरोहर हैं। एक, आत्मकथा अंक, दूसरा काशी अंक। हंस का काशी

अंक निकला तो पूरे आठ सौ रुपये खर्च हो गए। प्रेमचन्द को चिन्ता थी कि अब यदि एक अंक को छः रुपये की वी० पी० करें तो बहुत-सी जगहों से पत्रिका वापस आ जाने का भय था। उधर कागज वालों के काफी रुपये बाकी थे और अब उनसे कोई नई चाल चलने की हिम्मत न हो रही थी। काशी अंक चार सौ वी० पी० गए, एक सौ पचहत्तर वसूल हुए, दो सौ पच्चीस वापस आ गए। कागज वाले को सिर्फ तीन सौ रुपये चुका सके, बाकी एक हजार सिर पर सवार था। इस बार प्रेमचन्द की बधिया बैठ गई। इस बीच सेवासदन फिल्म से 750 रुपये मिले तो, "तंगी में जब कोई रकम हाथ आ जाती है तो वे सारी जरूरतें जो मुँह दबाए पड़ी थीं, यकायक चीख मारने लगती हैं। किसी के पास कपड़े नहीं हैं, किसी के पास जूते नहीं हैं। किसी की लड़की के लिए कुछ देना चाहिए।" (पृ० 41, वही)

प्रेमचन्द का साहित्यिक संघर्ष कितना कठिन था, यह इन पत्रों से समझ में आता है। आज हिन्दी में बहुत-से लेखक हैं जो खुद को हिन्दी साहित्य के केन्द्र में देखने की महत्त्वाकांक्षा रखते हैं। दक्षिणपन्थी ही नहीं, वामपन्थी भी हैं, मार्क्सवादी भी, क्रान्ति के दूत भी। इन्हें जीवन में आर्थिक अभाव नहीं। हजारों रुपये तनख्वाह मिलती है। किताबें भेंट-उपहार में मिल जाती हैं। प्रकाशकों पर दबदबा ऐसा कि अपनी ही नहीं, इशारा करके दूसरों की भी किताबें छपवा सकते हैं। पत्रिकाओं का सम्पादन भी करते हैं, पर गाँठ से दमड़ी नहीं लगानी पड़ती। इन सारी सुविधाओं के बीच भी दस पन्ने का लेख लिखना पड़े तो महीनों लग जायें। प्रेमचन्द लिखने के लिए अपने हर आराम को कुर्बान कर देते थे; ये अपने आराम के लिए बाकी हर काम को कुर्बान कर देते हैं। जिस विचारधारा का झण्डा ये हमेशा ऊँचा उठाए रहते हैं, निजी जीवन में, परस्पर व्यवहार में, उसे कोई स्थान नहीं देते। लेखन में क्रान्ति के सवाल पर मर्-मिटने को तैयार हैं, पर जीवन में अगर उनके लिए जरा भी तकलीफ उठानी पड़े तो समझते हैं, क्या मुसीबत आ गई!

इनके मुकाबले में देखने से प्रेमचन्द का साहित्यिक संघर्ष समझ में आता है। जिस राष्ट्रीय आन्दोलन के लिए वे लिख रहे थे, वह राष्ट्रीय आन्दोलन उन्हें बाजार में लुकाठी लेकर खड़े कबीर की तरह ललकार रहा था—'जो घर फूंके आपनो, चले हमारे साथ!' इस ललकार पर प्रेमचन्द ने कुछ हद तक अपना घर भी फूंका, लेकिन इससे भी ज्यादा खुद को फूंका। राष्ट्रीय आन्दोलन को आगे बढ़ाने के लिए, जनता को जगाने के लिए उन्होंने अपने आराम की कभी परवाह नहीं की; लेखन को गौण करके गोष्ठियों और गप्पबाजी को कभी अपना मुख्य कार्यस्थल नहीं समझा। रामचन्द्र शुक्ल की ही तरह उन्होंने भी अपना खून निचोड़कर लिखने का काम किया। पत्र-पत्रिकाएँ निकालीं, कर्जदार हो गए।

व्यावसायिक मार सही, दो-दो रुपयों का हिसाब जोड़ते रहे। जीवन-भर हाथ-पाँव मारते रहे कि मुझे थोड़ी-सी आर्थिक सुविधा और मिल जाए तो मैं यह भी कर लूँगा, वह भी कर लूँगा।

ऐसे अभावों की पृष्ठभूमि पर उन्हें बम्बई की अजन्ता सिनेटोन कम्पनी ने बुलाया। सुदर्शन को फिल्म कम्पनी में छः सौ की नौकरी पर जाते हुए देखा था। खुद अपने उपन्यास पर फिल्म बनाने का हक देकर 750 रुपये पाए थे। अब आठ हजार सालाना पर नौकरी का निमन्त्रण मिला। बहुत बड़ा प्रलोभन था। जैनेन्द्र को इस निमन्त्रण की सूचना दी और लिखा : "मैं उस अवस्था को पहुँच गया हूँ कि जब मेरे लिए हाँ के सिवा कोई उपाय नहीं रह गया।" (पृ० 44, चिट्ठी-पत्री II)

नई नौकरी को लेकर प्रेमचन्द ने सपने देखने शुरू कर दिए। वहाँ सालभर रहने के बाद कुछ ऐसा कन्ट्रैक्ट करके वापस लौटेंगे कि बनारस में बैठे-बैठे तीन-चार कहानियाँ लिखकर भेज दिया करेंगे और चार-पाँच हजार रुपये मिल जाया करेंगे। तब जागरण बन्द करना नहीं पड़ेगा और हंस भी मजे से निकलता रहेगा। पैसों की हाय-हाय खत्म होगी और धड़ल्ले से किताबें लिखेंगे और छापेंगे। जैनेन्द्र की भी छापेंगे।

पर अभी मित्रों-परिचितों से नौकरी पर जाने के लिए सलाह-मशविरे करना था; इसके औचित्य को सिद्ध करना था, जो असल में पहले से ही सिद्ध था। आठ मई को जैनेन्द्र को पत्र लिखकर पूछा—"क्या सलाह है।" फिर लिखा, "मुझे तो कोई हरज नहीं मालूम होता, अगर वेतन सात-आठ सौ मिले। साल-दो साल करके चला आऊँगा।" अपना धैर्य भी दिखलाया : "मगर अभी मैंने जवाब नहीं दिया है।" प्रसादजी ने फिल्मी दुनिया में जाने से मना किया था। इसकी सूचना भी जैनेन्द्र को दी और महत्त्व देते हुए लिखा : "तुम्हारी भी अगर यही राय है तो मैं न जाऊँगा।" पर, दूसरे पक्ष की राय भी बताई, "जौहरीजी कहते हैं, जरूर जाइए।" इसके बाद असलियत भी रख दी जो सब तर्कों से बड़ा तर्क थी, "चिर संगिनी दरिद्रता भी कहती है, चलो।" निष्कर्ष निकला : "जीवन का यह भी एक अनुभव है।"

बेशक, प्रेमचन्द के जीवन का यह भी एक अनुभव रहा। पर कैसा अनुभव ?

बम्बई जाने से पहले मार्च में उनके पुराने दोस्त प्यारेलाल शाकिर ने उन्हें फिल्म में जाने से मना किया। 16 मई को कलकत्ते की न्यू थिएटर्स कम्पनी से सुदर्शन ने पत्र लिखा कि यहाँ काम भी कम है, पैसा भी मिलता है, लेकिन जो मजा घर में बैठकर अफसाने लिखने में था, वह यहाँ नहीं। पर वहाँ पैसा नहीं। क्या करें।" (पृ० 266, वही)

बम्बई पहुँचकर पहले तो प्रेमचन्द ने दोस्तों को यह दिखाने की कोशिश की

मानो वे फिल्मी दुनिया में खप सकते हों। उन्होंने ऐसी चिट्ठियाँ लिखीं मानो वे फिल्मी दुनिया के ही अंग हों। वे दोस्तों को फिल्म की ओर मुखातिब होने के लिए उकसाते रहे। जैनेन्द्र को लिखा कि तुम्हारे जेहन में कोई प्लॉट हो तो एक खुलासा भेज दो। "यहाँ कई डायरेक्टरों से जान-पहचान हो गई है। सम्भव है कहीं निकल जाए। बहुत-से सड़ियल लोगों की चीजें निकलती हैं तो फिर तुम्हारी क्यों न निकलेगी।" (पृ० 47, वही) जैनेन्द्र से उन्होंने एक बार नहीं, कई बार आग्रह किया। वह भी फिल्मी शैली में। मसलन हिमांशु राय पौराणिक या सामाजिक फिल्म के लिए कहानी चाहते थे। इसके लिए प्रेमचन्द ने जैनेन्द्र को लिखा : "अगर कोई स्टोरी ख्याल में हो तो उसका दो पेज का सिनॉप्सिस लिख भेजो।" (पृ० 56, वही) यह दो पेज के सिनॉप्सिस से कहानी का अन्दाज लगाने की शैली प्रेमचन्द ने बम्बई में ही सीखी। इससे पहले भी एक चिट्ठी में लिखा था कि पहले सिनॉप्सिस ही भेजो, "उससे कहानी का अन्दाज हो जाएगा।" (पृ० 84, वही) हिमांशु राय सीता पर फिल्म बनाना चाहते थे। जिस प्रसाद ने प्रेमचन्द को फिल्म लाइन में जाने से मना किया था, उस प्रसाद को भी प्रेमचन्द फिल्म के लिए लिखने की सिफारिश करने से बाज न आए, "मेरे ख्याल से सीता का जितना सुन्दर चित्र आप खींच सकते हैं, दूसरा नहीं खींच सकता।" (पृ० 184, प्रेमचन्द विश्व कोश।)

सबसे आत्मविश्वास-भरा पत्र तो उन्होंने दूर बैठे बनारसीदास चतुर्वेदी को लिखा। 27 सितम्बर; 1934 को बनारसीदास को उन्होंने बम्बई में अपने होने के औचित्य को सिद्ध करते हुए लिखा, "यहाँ की हालतें मेरे लिए काफी ठीक हैं क्योंकि इस उम्र में अब मेरे बहकने का कोई डर नहीं है। इसके विपरीत, हो सकता है कि मेरा इस लाइन में रहना कुछ रोक-थाम करे।" (पृ० 89, चिट्ठी-पत्री।।)

यानी प्रेमचन्द फिल्मी दुनिया में अपनी भूमिका को मानते थे। फिल्मी दुनिया प्रेमचन्द के लिए ठीक थी और शायद प्रेमचन्द भी उसके लिए ठीक साबित होंगे।

अजन्ता सिनेटोन में आए हुए उन्हें अभी चार महीने भी नहीं गुजरे थे। बनारसीदास को पत्र लिखने के ठीक दो महीने बाद जैनेन्द्र को लिखा कि मेरा बम्बई आना निरर्थक हुआ क्योंकि मैं यहाँ अपने मन-मुताबिक कुछ भी करने में असमर्थ हूँ। मैं जिन इरादों से आया था, उनमें से एक भी पूरा होता नजर नहीं आता। ये प्रोड्यूसर जिस ढंग की कहानियाँ बनाते आए हैं उसकी लीक से जौ-भर भी नहीं हट सकते।" (पृ० 51, वही) उन्हें लगा कि इस लाइन में रहकर वे कुछ भी रोक-थाम नहीं कर सकते। उन्होंने देख लिया कि उनके कलात्मक और सामाजिक मूल्यों और फिल्मी दुनिया के मूल्यों में कोई मेल नहीं। "वल्गैरिटी

को यह लोग 'एण्टरटेनमेण्ट वैल्यू' कहते हैं। अद्भुत में ही इनका विश्वास है। राजा-रानी, उनके मन्त्रियों के षड्यन्त्र, नकली लड़ाई, बोसेबाजी यही इनके मुख्य साधन हैं।" अपनी कला और रचनाओं में इन साधनों का उपयोग करना प्रेमचन्द का ध्येय कभी नहीं रहा। "मैंने सामाजिक कहानियाँ लिखी हैं, जिन्हें शिक्षित समाज भी देखना चाहे। लेकिन उनको फिल्म करते इन लोगों को सन्देह होता है कि चलें या न चलें।" जिस प्रेमचन्द की कहानियों को सारे हिन्दुस्तान की जनता ने बड़े चाव के साथ पढ़ा, आदर और प्यार से अपना लिया, उसी प्रेमचन्द की कहानियों को फिल्म के प्रोड्यूसर-डायरेक्टर सन्देह की नजर से देखते थे कि पता नहीं, लोगों को पसन्द आए या नहीं। प्रेमचन्द की यह खुशफहमी हवा हो गई कि फिल्मी दुनिया में उनकी भी एक भूमिका है।

जिस समय प्रेमचन्द ने बनारसीदास को आत्मविश्वास-भरा पत्र लिखा था, उस समय उनकी लिखी कहानी पर मजदूर फिल्म बन रही थी। प्रेमचन्द के साहित्य से परिचय रखने वाले किसी भी व्यक्ति को यह विश्वास न आएगा कि मजदूर की कहानी प्रेमचन्द ने लिखी थी। मजदूर वर्ग की चेतना को दूषित करने वाली, सामाजिक यथार्थ को तोड़-मरोड़कर और उसमें झूठ मिलाकर, बनावटी और गढ़े हुए चरित्रों से बनी इस फिल्म को प्रेमचन्द के मित्रों ने पसन्द नहीं किया। चित्रपट में उसकी कटु आलोचना भी हुई। खुद प्रेमचन्द ने जैनेन्द्र को लिखे पत्र में कबूल किया—"'मजदूर' में मैं इतना थोड़ा-सा आया हूँ कि नहीं के बराबर।" (पृ० 52, वही) इसी पत्र में अपनी अगली फिल्म के बारे में लिखा, "इसके बाद एक रोमांस जा रहा है। वह भी मेरा नहीं है। मैं उसमें बहुत थोड़ा-सा हूँ।" प्रेमचन्द ने अब फिल्म जगत में अपने खपने की किसी भी उम्मीद को छोड़ दिया। उन्होंने जैनेन्द्र को बताया कि "लेखक कलम का बादशाह क्यों न हो, यहाँ डायरेक्टर की अमलदारी है और उसके राज्य में उसकी हुकूमत नहीं चल सकती। हुकूमत माने तभी वह रह सकता है।" यहाँ लेखक यह नहीं कह सकता कि—"मैं जनरुचि को जानता हूँ।" क्योंकि, डायरेक्टर और भी जोर से कहता है, "आप नहीं जानते, मैं जानता हूँ।" डायरेक्टर खुलकर कहते हैं कि "हम यहाँ जनता का सुधार-संस्कार करने नहीं आए हैं। हमने व्यवसाय खोला है, धन कमाना हमारी गरज है।"

प्रेमचन्द ने फरवरी, 1934 में ही फिल्मी दुनिया छोड़ देने का निश्चय कर लिया जबकि उनके साल भर के कण्ट्रैक्ट को पूरा होने में अभी तीन महीने और थे। उन्होंने जैनेन्द्र को लिख दिया कि "मई के अन्त में बन्दा काशी में उपन्यास लिख रहा होगा।" उन्होंने जैनेन्द्र को लिखा कि "फिल्म में मेरे मन को सन्तोष नहीं मिला। बनारस में धन नहीं है, मगर सन्तोष है।" जो बात सुदर्शन ने प्रेमचन्द से कही थी, ठीक वही बात आज प्रेमचन्द जैनेन्द्र से कह रहे थे। सुदर्शन

और प्रेमचन्द में फर्क यह था कि धन के साथ सन्तोष न मिलने पर भी सुदर्शन धन को ठुकरा न सके; प्रेमचन्द ने इसे अधीरता से ठुकरा दिया।

फिल्म जगत के उनके अनुभव कड़वे रहे। राष्ट्रीय आन्दोलन सिर्फ राष्ट्रीय स्वाधीनता का आन्दोलन न था। वह जन-जागरण का आन्दोलन भी था। वह समाज में सुधार का, सामाजिक पुनर्गठन का आन्दोलन भी था। लेकिन राष्ट्रीय आन्दोलन में प्रेमचन्द जिन मूल्यों के लिए लड़ रहे थे, फिल्मी दुनिया में उन्हें जगह नहीं मिली। जनता को उनसे ज्यादा जानने का दम्भ भरने वाले फिल्म निर्माता-निर्देशकों ने उन मूल्यों को यह कहकर ठुकरा दिया कि इसमें 'एण्टरटेनमेण्ट वैल्यू' नहीं है। फिल्मों की संस्कृति और मूल्यों की कड़ी आलोचना करते हुए प्रेमचन्द ने 19 मार्च, 1935 को हशमुद्दीन गोरी को लिखा सिनेमा वाले सिर्फ पैसा कमाने के व्यावसायिक उद्देश्य से प्रेरित हैं और समाज के सुधार में विश्वास नहीं करते। "सिनेमा में किसी इस्लाह की तवक्को करना बेकार है। यह सनत भी उसी तरह सरमायादारों के हाथ में है जैसे शराब-फरोशी।" शराब का व्यापार करने वाले पूँजीपतियों से तुलना करके प्रेमचन्द ने अपने वक्त के फिल्म-व्यवसाय के बारे में बता दिया कि राष्ट्रीय आन्दोलन को उसके प्रति कैसा रुख रखना होगा। फिल्मों के जरिए समाज में नंगे नाचों, चुम्मावाजी और स्त्रियों पर पुरुषों की हिंसा को जायज ठहराया जा रहा था। जीवन-भर प्रगतिशील मूल्यों और राष्ट्रीय संस्कृति के लिए लड़ने वाले लेखक को अपनी और राष्ट्रीय आन्दोलन की इस विवशता पर क्षोभ हुआ कि जिस औपनिवेशिक संस्कृति के खिलाफ देश में संघर्ष चलाया गया, उस औपनिवेशिक संस्कृति की सारी बुराइयाँ फिल्म के जरिए भारतीय समाज में लगातार फैलाई जा रही हैं।" उन्होंने लिखा, "सिनेमा के जरिए मगरिब की सारी बेहूदगियाँ हमारे अन्दर दाखिल की जा रही हैं, और हम बेबस हैं।" बेबस इसलिए कि समाज में इसके खिलाफ कोई आन्दोलन न था, जनता में सजगता न थी।

जून, 1934 से मार्च, 1935 तक, अजन्ता सिनेटोन में दस महीने रहकर प्रेमचन्द बनारस लौट आए। हिमांशु राय ने उनके सामने बनारस से ही फिल्म के लिए कहानियाँ लिखकर भेजने का कण्ट्रैक्ट करना चाहा। कभी प्रेमचन्द ने खुद यह सपना देखा था। दस महीने के अनुभवों के बाद उन्होंने इस सपने से भी मुँह मोड़ लिया।

प्रेमचन्द फिल्मी दुनिया से लौट गए। चित्रपट का आन्दोलन भी अगले कुछ सालों के बाद टूट गया। हिन्दी फिल्में राष्ट्रीय आन्दोलन का अंग न बन सकीं। हिन्दी फिल्में हिन्दी की जातीय संस्कृति से दूर ही रहीं; आज भी दूर हैं। इसके कारण क्या हैं?

हिन्दी फिल्मों के मुकाबले बंगला फिल्में बंगला के साहित्य और जातीय

संस्कृति के तब भी निकट थीं, आगे भी निकट रहीं। कारण क्या है?

एक खास कारण यह है कि बंगला फिल्मों के निर्माण का केन्द्र बंगाल में ही रहा और बंगाली लोग ही बंगला फिल्मों का निर्माण करते रहे जबकि हिन्दी फिल्मों का निर्माण-केन्द्र हिन्दी प्रदेश से बाहर कायम हुआ और हिन्दी फिल्में बनाने का काम हिन्दी लोगों ने नहीं बल्कि विजातीय लोगों (गैर-हिन्दीभाषियों) ने किया। इन्होंने बाजार की जरूरत से अपनी फिल्मों में माध्यम तो हिन्दी भाषा को रखा, लेकिन हिन्दी-भाषी समाज की संस्कृति और परम्पराओं में कभी दिलचस्पी नहीं ली। हिन्दी भाषा भी वे अँगरेजी के माध्यम से ही समझ पाते हैं। यह स्थिति आज बनी हुई है; 1934 में भी यही हालत थी जब प्रेमचन्द को अपनी लिखी कहानी या संवादों का अँगरेजी में तर्जुमा करके अजन्ता सिनेटोन के अधिकारियों को समझाना पड़ता था।

इसका मतलब यह हुआ कि आधुनिक काल में बंगाली या मराठी जातियों के सांस्कृतिक विकास की प्रक्रिया से हिन्दी जाति (?) के सांस्कृतिक विकास की प्रक्रिया कुछ अलग और पिछड़ी हुई रही है। हिन्दी प्रदेश में पुनर्जागरण का आन्दोलन बंगाल और महाराष्ट्र की तुलना में इतना कमजोर रहा कि यहाँ सामाजिक-सांस्कृतिक विकास उस तरह से नहीं हो सका कि हिन्दी-भाषी शिक्षित मध्यवर्ग भी फिल्म-निर्माण में उसी तरह जुटता और उसे जातीय रूप देता जैसे कि बंगाली या मराठी शिक्षित मध्यवर्ग ने किया। ऐसी हालत में प्रेमचन्द को बाजार से टकरा कर पराजित होना ही था।

□□